वैशाख, शुक्ल पक्ष 3, वर्ष-10, अंक 111, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

प्रयागराज, मंगलवा 16 जुलाई, 2024

T M

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

Adhunik Samachar

नगर संस्करण

10 वर्ष विश्वास के


# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश

# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन




नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियो का सर्वागिन विकास होता है. केंद गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियो का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्र-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।



## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के चार छात्रों का सिकंदराबाद में रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रों का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

## Admission Open 2024-25



श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही



श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य )
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज



इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance


## Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association

*JEEVAN EXPRESS NEWS*

PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.



Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480



## प्रदेश आस/पास



# छह माह में 7.36 लाख यात्रियों ने किया दिल्ली और गोरखपुर वंदे भारत में सफर



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन से वर्तमान समय कुल तीन जोड़ी वंदे भारत ट्रेनों का आवागमन हो रहा है। इसमें दो का संचालन वाराणसी से नई दिल्ली एवं एक प्रयागराज से लखनऊ के रास्ते गोरखपुर के लिए चल रही है। दिल्ली के लिए चल रही वंदे भारत में यात्रियों को लोड फैक्टर लगातार बढ़ता ही जा रहा है। प्रयागराज होकर गुजरने वाली नई दिल्ली और गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर करने वाले यात्रियों का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। जनवरी 24 से जून 24 की अवधि में जंक्शन होकर दिल्ली जाने वाली दोनों वंदे भारत एवं प्रयागराज-गोरखपुर वंदे भारत में 7.36 लाख यात्रियों ने सफर किया। इसमें सिर्फ 22435/22436 वंदे भारत में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या 4.39 लाख रही। खास बात यह है कि वंदे भारत युवाओं को खासी पसंद आ रही है। इसमें सफर करने वाले 26 से 45 वर्ष की उम्र के यात्रियों की संख्या 45 फीसदी के आसपास है। प्रयागराज जंक्शन से वर्तमान समय कुल तीन जोड़ी वंदे भारत ट्रेनों का आवागमन हो रहा है। इसमें दो का संचालन वाराणसी से नई दिल्ली एवं एक प्रयागराज से लखनऊ के रास्ते गोरखपुर के लिए चल रही है। दिल्ली के लिए चल रही वंदे भारत में यात्रियों को लोड फैक्टर लगातार बढ़ता ही जा रहा है। देश की पहली वंदे भारत का संचालन फरवरी 2019 के दौरान नई दिल्ली से वाराणसी के लिए हुआ था। दिल्ली से प्रयागराज के बीच 22436 वंदे भारत में यात्रियों का कुल लोड 125.83 फीसदी का है।बीते छह माह के दौरान इसमें 2.21 लाख यात्रियों ने सफर किया। इसी तरह दिल्ली जाने वाली 22435 वंदे भारत का पैसेंजर लोड 123.68 फीसदी बीते छह माह में रहा। इस दौरान इसमें 2.17 लाख यात्रियों ने सफर किया। पिछले वर्ष दिसंबर में नई दिल्ली के लिए शुरू हुई दूसरी वंदे भारत 22415 का पैसेंजर लोड 112.49 फीसदी रहा। इसमें 1.11 लाख यात्री जनवरी से जून 24 तक सफर कर चुके हैं। इसी तरह 22416 वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत में 1.06 लाख यात्रियों ने इस अवधि में सफर किया। इसका पैसेंजर ट्रैफिक लोड 108.96 रहा। दिल्ली वंदे भारत के मुकाबले गोरखपुर वंदे भारत का ट्रैफिक लोड अभी कम है। हालांकि, इसका संचालन 12 मार्च को ही प्रयागराज से गोरखपुर के बीच शुरू हुआ है। इस दौरान 22549 गोरखपुर-प्रयागराज में 60941 एवं 22550 प्रयागराज-गोरखपुर वंदे भारत में 50602 यात्री 30 जून 24 तक सफर कर चुके हैं रेलवे की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के हिसाब से पिछले वित्तीय वर्ष में देशभर में चल रहीं 51 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस से दो करोड़ से ज्यादा यात्रियों ने सफर किया। 51 जोड़ी वंदे भारत वर्तमान समय प्रयागराज समेत कुल 284 जिलों को कवर कर रही हैं। महाकुंभ मेले के पूर्व प्रयागराज-सहारनपुर और प्रयागराज-आगरा कैंट वंदे भारत का संचालन शुरू हो सकता है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन यात्रियों को खासी पसंद आ रही है। इसी वजह से इसमें सफर करने वाले यात्रियों की संख्या में इजाफा हुआ है।

# संगमनगरी में यह कैसा चौड़ीकरण किसी पर दरियादिली तो कहीं बेरहम




महाकुंभ के तहत घनी आबादी वाले पुराने शहर में सड़क चौड़ीकरण के लिए दर्जनों भवनों को तोड़कर छोड़े जाने से मुसीबत खड़ी हो गई है। इससे लोगों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। चाहे रसूख की वजह हो या कोई और। यानी कहीं रहमदिली तो कहीं बेरहमी सामने आई है। चौड़ीकरण की जद में आए कई भवनों के सामने ध्वस्तीकरण के नाम पर खानापूरी कर छोड़ दिया गया है, तो कहीं चबूतरों, बरामदों और दीवारें तोड़कर छोड़ दी गई हैं। हालत यह है कि निर्माण तो दूर, महीनों से घरों के सामने सड़कों की पटरियों पर लगा मलबा तक नहीं हटाया जा सका है। इससे लोग पस्त हो गए हैं। पुराने शहर में चौड़ीकरण के नाम पर पीडीए पर भेदभाव के आरोप भी लग रहे हैं। कीडगंज में शिव चरणलाल रोड, मान सरोवर से सुलाकी चौराहा, केपी कक्कड़ रोड, मान सरोवर से चंद्रलोक चौराहा, हिंदी साहित्य सम्मेलन मार्ग यानी चंद्रलोक से राम भवन चौराहे के बीच के निवासियों ने पीडीए उपाध्यक्ष को पत्र देकर चौड़ीकरण में तोड़फोड़ की कार्रवाई में भेदभाव की शिकायत की है। यहां के निवासियों का कहना है कि उनकी गुहार नहीं सुनी जा रही है अशोक कुमार जायसवाल, वीरेंद्र कुमार, दिलीप अग्रवाल और साधना केसरवानी बताती हैं कि पीडीए के ठेकेदार बेतरतीब ढंग से चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के नाम पर तोड़फोड़ और खोदाई कर छोड़ दे रहे हैं। जगह-जगह गड्ढे खोदकर नाली बनवाने के लिए छोड़ दिया गया है। मलबा सड़कों पर पड़ा है। इस इलाके के कारोबारी पंकज रस्तोगी और नवल किशोर अग्रवाल चौड़ीकरण की बात आते ही अपनी पीड़ा बयां करने लगते हैं। वह बताते हैं कि शिव चरण लाल रोड, केपी कक्कड़ मार्ग और सम्मेलन मार्ग के भवन घनी आबादी का हिस्सा हैं। इन भवनों का निर्माण 1973 के पूर्व इंप्रूवमेट ट्रस्ट की ओर से बनाई गई तत्कालीन महायोजना के प्रवाधानों के तहत कराया गया है। हाल के दिनों में पीडीए की ओर से यहां के भवन स्वामियों को नोटिस देकर सड़क चौड़ीकरण के लिए बरामदों के ध्वस्तीकरण के लिए दबाव बनाया जा रहा है। जबकि कुंभ मेला मार्ग के रूप में चिह्नित जीटी रोड से कोठापार्चा मार्ग, सुलाका चौराहा से बांसमंडी के बीच चौड़ीकरण न करके सिर्फ नाली निर्माण कराया जा रहा है। इससे पहले इन सड़कों पर लाल निशान लगाकर भवनों को तोड़ने का नोटिस जारी किया गया था इसी तरह आनंद जायसवाल, सुरेश प्रसाद, प्रदीप केसरवानी, माधुरी सिंह और कृष्ण मुरारी अग्रवाल का कहना है कि इस तरह के बरामदे घंटाघर से मानसरोवर चौराहा, हीवेट रोड से स्टेशन तक, जानसेनगंज चौराहे से साउथ मलाका सब्जी मंडी तक और घंटाघर से जानसेनगंज चौराहे तक देखे जा सकते हैं। महाकुंभ के तहत पीडीए ने 41 सड़कों के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण की योजना बनाई है। इसमें पुराने शहर के जोन तीन में 554 भवन चौड़ीकरण की जद में हैं। पीडीए चौड़ीकरण योजना में किसी के साथ भेदभाव नहीं कर सकता। पुराने शहर में अगर कहीं इस तरह की शिकायत है तो इसकी जांच कराई जाएगी। एलाइनमेंट के अनुसार ही चौड़ीकरण का काम कराया जाएगा।

# सीमित केंद्रों पर लाखों अभ्यर्थियों की परीक्षा बनेगी चुनौती, मानक पर खरे नहीं उतर रहे तमाम कॉलेज




**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** आयोग की ओर से आयोजित पीसीएस, आरओ/एआरओ जैसी भर्ती परीक्षाओं में लाखों की संख्या में अभ्यर्थी शामिल आयोजित पीसीएस, आरओ/एआरओ जैसी भर्ती परीक्षाओं में लाखों की संख्या में अभ्यर्थी शामिल होते हैं। ये परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जाती हैं। आवेदन होते हैं। ये परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जाती हैं। आवेदन करने वाले सभी अभ्यथिर्यों के लिए दोनों पालियों की प्रारंभिक परीक्षाओं में शामिल होना अनिवार्य है। परीक्षाओं में पारदर्शिता के लिए शासन ने केंद्रों के निर्धारण के लिए जो दिशा-निर्देश जारी किए हैं, उनके तहत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के लिए लाखों अभ्यथिर्यों की परीक्षा करा पाना बड़ी चुनौती होगी। शासन ने जिस स्तर के उच्च गुणवत्ता वाले विद्यालयों और कॉलेजों को केंद्र बनाने के लिए कहा है, उनकी संख्या सीमित है। आयोग की ओर से करने वाले सभी अभ्यथिर्यों के लिए दोनों पालियों की प्रारंभिक परीक्षाओं में शामिल होना अनिवार्य है। आरओ/एआरओ परीक्षा-2023 के लिए जहां 11 लाख अभ्यथिर्यों ने आवेदन किए हैं। वहीं, पीसीएस परीक्षा-2024 के लिए तकरीबन छह लाख दावेदार हैं। इन परीक्षाओं के लिए प्रदेशभर के जिलों में केंद्र बनाए जाते हैं। शासन ने केंद्र निर्धारण के लिए जो नए मानक तय किए हैं, उनके अनुसार परीक्षा केंद्रों का चयन केवल दो श्रेणियों 'ए' एवं 'बी' में किया जाएगा। श्रेणी 'ए' में समुचित सुविधाओं वाले राजकीय माध्यमिक विद्यालय, राजकीय डिग्री कॉलेज, राज्य/केंद्र के विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, राजकीय मेडिकल कॉलेज शामिल होंगे।

# ईदगाह पुल के नीचे का रास्ता आज से तीन माह के लिए बंद



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** महाकुंभ के पहले दिल्ली-हावड़ा रूट पर ट्रेनों की अधिकतम स्पीड 160 किलोमीटर प्रतिघंटे की जानी है। इसी वजह से ईदगाह रेल अंडर ब्रिज पर रेलवे की ओर से आधारभूत संरचना से जुड़े कार्य कराए जाएंगे। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित सिंह ने कहा कि 15 जुलाई से तीन माह के लिए पुल के नीचे से रोड ट्रैफिक बंद रहेगा। चंद्रलोक चौराहे से रामबाग जाने वाली सड़क पर सोमवार 15 जुलाई से तीन माह के लिए वाहनों का आवागमन बंद होने जा रहा है। यहां ईदगाह रेल अंडर ब्रिज की मरम्मत का कार्य रेलवे कराएगा। पुराने शहर का यह महत्वपूर्ण रास्ता बंद होने से लोगों को कोठापार्चा और साउथ मलाका रेल अंडर ब्रिज से निकलना होगा। ऐसे में पुराने शहर के इन दोनों रास्तों पर लोगों को जाम की समस्या भी झेलनी पड़ सकती है। महाकुंभ के पहले दिल्ली-हावड़ा रूट पर ट्रेनों की अधिकतम स्पीड 160 किलोमीटर प्रतिघंटे की जानी है। इसी वजह से ईदगाह रेल अंडर ब्रिज पर रेलवे की ओर से आधारभूत संरचना से जुड़े कार्य कराए जाएंगे। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित सिंह ने कहा कि 15 जुलाई से तीन माह के लिए पुल के नीचे से रोड ट्रैफिक बंद रहेगा। ईदगाह के पुल के नीचे से निकलने वाला रास्ता चंदलोक चौराहा, जीरो रोड होते हुए सीधे घंटाघर चौराहे तक जाता है, जबकि दूसरी तरफ रामबाग चौराहा, बाई का बाग चौराहा से होता हुआ वह रास्ता सीधे दारागंज तक जाता है। पुल का रास्ता बंद होने से अब कोठापार्चा और और साउथ मलाका रेल अंडर ब्रिज के नीचे से लोगों को गुजरना पड़ेगा। हालांकि, कोठापार्चा में रामभवन चौराहे से डॉट के पुल तक प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा नाली आदि का निर्माण किया जा रहा है। इस वजह से वहां जगह-जगह सड़क खोदी गई है। वहीं, चंद्रलोक चौराहे से कोठापार्चा आने वाली डी रोड भी पिछले कई दिनों से बंद है।

# प्रयागराज में तेजी से बढ़ रहा गंगा यमुना का जलस्तर, सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने लगे दुकानदार



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** प्रदेश के कई हिस्सों में हो रही बारिश के अलावा कई पानी छोड़े जाने के चलते गंगा और यमुना के जलस्तर में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। हालांकि गंगा और यमुना का जलस्तर चेतावनी बिंदु के काफी नीचे है, लेकिन घाट के किनारे दुकान लगाकर रोजी रोटी कमाने वालों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। घाटिये भी अपने तंबू टेंट को सुरक्षित स्थानों पर ले जा रहे हैं। बीते कुछ दिनों से यमुना के जलस्तर में तेजी से बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। गंगा के जलस्तर में भी वृद्धि दर्ज की जा रही है। बीते कुछ दिनों से उत्तराखंड, पश्चिमी यूपी समेत तमाम इलाकों में बारिश हो रही है। इसका असर नदियों के जलस्तर में भी देखने को मिला है। हालांकि, प्रयागराज में गंगा और यमुना में जलस्तर बढ़ने की गति ज्यादा नहीं है। यहां चेतावनी बिंदु से दोनों ही नदियां काफी नीचे बह रही हैं।











विविध  भारत

## संक्षिप्त समाचार

### सभी शहरों में के लिए जारी हुए पेट्रोल डीजल के दाम, फटाफट चेक करें ताजा कीमत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ऑयल मार्केटिंग कंपनियां सुबह 6 बजे पेट्रोल-डीजल की कीमत को अपडेट करते हैं। वर्ष 2017 से रोजना सुबह 6 बजे फ्यूल प्राइस रिवाइज होते हैं। 15 जुलाई 2024 (सोमवार) के लिए फ्यूल प्राइस की नई दरें जारी हो गई हैं। आज भी इनकी कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। आइए, जानते हैं कि आज आपके




शहर में 1 लीटर पेट्रोल-डीजल कितने रुपये में मिलेगा तेल कंपनियों ने 15 जुलाई के लिए पेट्रोल-डीजल की कीमत जारी कर दी है। आज इसी भाव पर फ्यूल मिलेगा। चूंकि सभी शहरों में इनके दाम अलग हैं ऐसे में गाड़ीचालक को लेटेस्ट रेट चेक करने के बाद ही तेल भरवाना चाहिए। आइए जानते हैं कि आज आपके शहर में 1 लीटर पेट्रोल-डीजल कितने रुपये में मिलेगा।दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 103.44 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 89.97 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 104.95 रुपये प्रति लीटर और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है। चेनन्ई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.34 रुपये प्रति लीटर है।नोएडाः पेट्रोल 94.83 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.96 रुपये प्रति लीटर गुरुग्रामः पेट्रोल 95.19 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.05 रुपये प्रति लीटर बेंगलुरुः पेट्रोल 102.86 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.94 रुपये प्रति लीटर चंडीगढ़ः पेट्रोल 94.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.40 रुपये प्रति लीटर हैदराबादः पेट्रोल 107.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.65 रुपये प्रति लीटर जयपुरः पेट्रोल 104.88 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.36 रुपये प्रति लीटर पटनाः पेट्रोल 105.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर लखनऊः पेट्रोल 94.65 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटरदेश के सभी शहरों में पेट्रोल-डीजल के दाम अलग होते हैं। इसकी वजह है कि पेट्रोल-डीजल जीएसटी के दायरे में नहीं आता है। इस पर राज्य सरकार द्वारा वैट लगाया जाता है।

## विदेश सचिव विनय क्वात्रा हुए सेवानिवृत्त

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विनय क्वात्रा रविवार को सेवानिवृत्त हो गए। अब विक्रम मिस्त्री सोमवार अमेरिका में भारत के अगले राजदूत बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। तरनजीत संधू के जनवरी में सेवानिवृत्त होने के बाद से यह पद खाली है।



को उनकी जगह कार्यभार संभालेंगे। वर्तमान में वे राष्ट्रीय उप सुरक्षा सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को निवर्तमान विदेश सचिव विनय क्वात्रा की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पण और योगदान के लिए प्रशंसा की। जयशंकर ने कहा, उन्होंने हमारी कई प्रमुख रणनीतियों को बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने में मदद की है। उन्हें उनकी भविष्य की पारी के लिए शुभकामनाएं। वैसे क्वात्रा अब क्वात्रा 1988 में भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुए थे और अपनी सेवा के शुरुआती वर्षों में जिनेवा में भारत के स्थायी मिशन में सेवा दी। क्वात्रा ने एक मई 2022 को विदेश सचिव का पदभार ग्रहण किया था। विदेश सचिव के रूप में क्वात्रा को कई महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक मुद्दों से निपटना पड़ा। इनमें यूक्रेन पर रूसी आक्रमण से उत्पनन्‍ स्थिति, गाजा में इजरायल-हमास युद्ध और पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर चीन के साथ तनाव जैसी स्थिति शामिल थी।

## इजरायल से तुरंत रणनीतिक संबंध खत्म करे भारत', इस मुस्लिम संगठन ने कर दी बड़ी मांग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने रविवार को एक अहम बैठक की। मीटिंग में आठ प्रस्तावों पर चर्चा हुई। इनमें से एक प्रस्ताव फिलिस्तीन-इजरायल युद्ध से जुड़ा था। पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता सैयद कासिम रसूल इलियास ने भारत सरकार से इजरायल के साथ सभी रणनीतिक संबंध खत्म करने की मांग की। उन्होंने सरकार से यह भी अपील की है कि युद्ध खत्म करने के लिए इजरायल पर दबाव बनाया जाए। इजरायल से सभी रणनीतिक संबंधों को खत्म करने की मांग उठी है। यह मांग ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने की है। बोर्ड का कहना है कि इजरायल ने अवैध कब्जा किया है। युद्ध में हजारों लोग मारे जा चुके हैं। भारत सरकार को तुरंत सभी संबंधों को खत्म कर देना चाहिए। पर्सनल लॉ बोर्ड ने इजरायल पर दबाव डालने का अनुरोध भी किया है। इलियास ने कहा कि फिलिस्तीन का मुद्दा भी महत्वपूर्ण है। हमारे देश का रुख हमेशा से साफ रहा है कि हम दो राष्ट्र सिद्धांत का समर्थन करते हैं। हम सभी जानते हैं कि इजरायल ने इस क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर



रखा है। फिलहाल वहां युद्ध चल रहा है और हजारों लोग मारे जा चुके हैं। यह आश्चर्य की बात है कि अब भी बड़े देश इजरायल का समर्थन कर रहे हैं। बोर्ड ने इसकी निंदा की है और कहा है कि मुस्लिम देशों की प्रतिक्रिया भी अच्छी नहीं है। इलियास ने कहा कि बोर्ड सरकार से इजरायल के साथ रणनीतिक संबंध खत्म करने और युद्ध विराम के लिए दबाव बनाने का आग्रह करता है। हमारे देश को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। जैसा कि हमने रूस-यूक्रेन युद्ध में किया था। उपासना स्थल का भी किया जिक्र कासिम इलियास ने कहा, ठबाबरी मस्जिद की घटना से पहले हमारे देश में उपासना स्थल अधिनियम 1991 नाम से एक कानून था। सभी लोग सोचते हैं कि बाबरी मस्जिद भारत का आखिरी धार्मिक विवाद होगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नए विवाद अब भी सामने आ रहे हैं। हम अदालत में पेश कर रहे हैं कि इन विवादों को उपासना स्थल अधिनियम के तहत नहीं माना जाना चाहिए। हम सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध करते हैं कि नवीनतम विवादों में धार्मिक अधिनियम को भी शामिल किया जाए।ठ मॉब लिंचिंग का मुद्दा भी उठाया इलियास ने मॉब लिंचिंग का मामला भी उठाया। उन्होंने कहा, ठहाल ही में आए लोकसभा चुनाव के नतीजों से साफ है कि मतदाताओं ने नफरत और दुश्मनी की भावना के खिलाफ मतदान किया है। इसके बावजूद मॉब लिंचिंग के मामलों में कमी नहीं आई है।

## आपातकाल एक गलती थी और इंदिरा गांधी ने इसे माना था

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद पी चिदंबरम ने माना कि आपातकाल एक गलती थी और कहा कि इंदिरा गांधी ने खुद गलती स्वीकार भी



की थी। पी चिदंबरम का यह बयान आया है, जब हाल ही में केंद्र सरकार ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की थी। पी चिदंबरम ने समाचार एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में कहा, 'बीजेपी 18वीं या 17वीं सदी में वापस क्यों नहीं जा रही है? आज रहने वाले 75 प्रतिशत भारतीय 1975 के बाद पैदा हुए हैं। आपातकाल एक गलती थी और इसे इंदिरा गांधी ने स्वीकार किया था। हमने संविधान में संशोधन किया है, ताकि आपातकाल इतनी आसानी से नहीं लगाया जा सके।'केंद्र सरकार के 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा कि आपातकाल एक गलती थी और इंदिरा गांधी ने भी इसे स्वीकार किया था। इससे पहले केंद्र सरकार ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने का एलान किया था। इसे लेकर नोटिफिकेशन भी जारी किया गया था। उन्होंने आगे पूछा कि 50 साल बाद आपातकाल के अधिकारों और गलतियों पर बहस करने का क्या मतलब है, जबकि इस बात पर जोर दिया कि अतीत से सबक सीखा गया है। उन्होंने कहा, '50 साल बाद आपातकाल के सही और गलत पर बहस करने का क्या मतलब है? भाजपा को अतीत को भूल जाना चाहिए। हमने अतीत से सबक सीखा है।' गौरतलब है कि इस माह की शुरुआत में केंद्र सरकार ने आपातकाल की सालगिरह के मौके पर 'संविधान हत्या दिवस' मनाने की घोषणा की थी। इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया हुई और विपक्षी दलों ने सरकार पर निशाना साधा।

## जुलाई के अंत तक तमिलनाडु को 8,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बेंगलुरु।** मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने रविवार को कहा कि कर्नाटक सरकार इस महीने के अंत तक कावेरी जल विनियमन समिति के तक पड़ोसी तमिलनाडु के लिए रोजाना 8000 क्यूसेक पानी छोड़ने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कावेरी बेसिन के बांधों में सिर्फ 63 फीसदी पानी है और ऐसे में राज्य



निर्देशानुसार पड़ोसी राज्य तमिलनाडु को कावेरी नदी से एक टीएमसी के बजाय प्रतिदिन 8,000 क्यूसेक पानी छोड़ने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने यहां सर्वदलीय बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि कावेरी बेसिन बांधों में केवल 63 प्रतिशत पानी है और इस स्थिति में, राज्य प्रतिदिन एक टीएमसी पानी छोड़ने की स्थिति में नहीं है। सर्वदलीय बैठक में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, विपक्षकर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि उनकी सरकार इस महीने की अंत हर दिन 11500 क्यूसेक पानी छोड़ने की स्थिति में नहीं है। मुख्यमंत्री ने सर्वदलीय बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बात कही। सिद्दारमैया ने कहा, ठसभी की राय थी कि हमें एक टीएमसी नहीं बल्कि 8,000 क्यूसेक पानी छोड़ना चाहिए, जो 11,500 क्यूसेक पानी है। अगर बारिश नहीं होती है तो हम पानी छोड़ने की मात्रा कम कर देंगे और कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर करेंगे। उनके अनुसार, कावेरी जल विनियामक प्राधिकरण ने निर्देश दिया है कि 12 जुलाई से महीने के अंत तक हर दिन एक टीएमसी पानी छोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि सामान्य वर्ष में जून में 9.14 टीएमसी और जुलाई में 31.24 टीएमसी पानी छोड़ा जाना चाहिए। बैठक में मौजूद अधिवक्ता मोहन कटारकी ने कहा कि इस बार कावेरी नदी पर कृष्णराजसागर बांध में केवल 54 प्रतिशत पानी है, जबकि कावेरी बेसिन के अन्य बांधों में केवल 63 प्रतिशत पानी है। ने बताया तमिलनाडु को कब दिया गया था पानी मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 जुलाई को काबिनी में 5,000 क्यूसेक पानी का प्रवाह था, जिसे तमिलनाडु की ओर बहने दिया गया। उन्होंने कहा कि शनिवार को बिलिगुंडु में 5,000 क्यूसेक पानी बह रहा था। उन्होंने बताया कि 12 जुलाई को 20,000 क्यूसेक और 13 जुलाई को 19,000 क्यूसेक काबिनी बांध से तमिलनाडु के लिए छोड़ा गया था, क्योंकि इसकी धारण क्षमता के कारण पानी को लंबे समय तक संग्रहीत नहीं किया जा सकता है। सिद्दारमैया ने कहा कि कर्नाटक में सभी दल इस बात पर एकमत थे कि उन्हें सीडब्ल्यूएमए से अपील करनी चाहिए, क्योंकि एक टीएमसी पानी छोड़ना संभव नहीं है।

## कांग्रेस ने गौरव गोगोई को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी, लोकसभा में नियुक्त किया पार्टी का उपनेता


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को अपने तेजतर्रार सांसद गौरव गोगोई को लोकसभा सदन में पार्टी का उपनेता नियुक्त किया है। पार्टी ने लिखकर जानकारी दी है। गौरव गोगोई असम की जोरहाट सीट से लोकसभा सांसद हैं। उन्होंने 144393 वोटों के भारी अंतर से चुनाव जीता है। गौरव गोगोई कई



इसको लेकर लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर जानकारी दी है। गौरव गोगोई असम की जोरहाट सीट से लोकसभा सांसद हैं। उन्होंने 1,44,393 वोटों के भारी अंतर से चुनाव जीता है। गौरव गोगोई कई बार कांग्रेस की तरफ से संसद में पार्टी की तरफ से बहसों में शामिल होते हैं।कांग्रेस ने रविवार को अपने तेजतर्रार सांसद गौरव गोगोई को लोकसभा सदन में पार्टी का उपनेता नियुक्त किया है। पार्टी ने इसको लेकर लोकसभा अध्यक्ष को पत्र बार कांग्रेस की तरफ से संसद में पार्टी की तरफ से बहसों में शामिल होते हैं। केरल से आठ बार के सांसद कोडिकुनिन्ल सुरेश पार्टी के मुख्य सचेतक होंगे। वहीं, विरुधुनगर के सांसद माणिकम टैगोर और किशनगंज के सांसद मोहम्मद जावेद लोकसभा में पार्टी के सचेतक होंगे। बता दें कि कांग्रेस इससे पहले केरल के वायनाड से सांसद राहुल गांधी को लोकसभा में नेता विपक्ष की जिम्मेदारी सौंप चुकी है।

## कैसे बुलेट को चकमा देकर बाल-बाल बचे ट्रंप उस पल का सामने आया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर शनिवार को जानलेवा हमला हुआ। ट्रंप पेन्सिलवेनिया के बटलर में एक चुनावी रैली को लगने से कुछ ही सेकंड पहले ट्रंप ने अपना सिर झुकाया था। एक अन्य वीडियो में फायरिंग से ठीक पहले और बाद के मंच के पीछे के पल दिखाए गए हैं। मंच के पीछे

संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान उनको निशाना बनाकर फायरिंग की गई। लेकिन वो इस फायरिंग में बस 2 सेंटीमीटर की वजह से बच गए। सोशल मीडिया पर एक वायरल वीडियो के जरिए दावा किया जा रहा है कि ट्रंप ने बुलेट को चकमा दिया। क्या सचमुच ट्रंप ने फायरिंग के दौरान गोली को चकमा दे दिया? 78 वर्षीय ट्रंप ने शनिवार को पेन्सिलवेनिया के बटलर में एक चुनावी रैली के दौरान अपना भाषण शुरू ही किया था कि तभी गोलियां चलीं और एक गोली उनके कान को छूती हुई निकल गई। गोली अगर 2 सेंटीमीटर अंदर की तरफ आई होती, तो ट्रंप की जान जा सकती थी। जैसे ही पहली गोली चली, ट्रंप ने कहा, 'ओह' और अपने कान को पकड़ लिया। उसके बाद दो और गोलियों की आवाज सुनी गई। जिसके बाद ट्रंप नीचे झुक गए। लेकिन कई वायरल वीडियो क्लिप में दिखाया गया है कि कैसे ट्रंप को गोली लगने के कुछ ही पल बाद उनके सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने घेर लिया और उन्हें ढक दिया। हालांकि, इस बीच एक स्लो-मोशन वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें दिखाया गया है कि गोली खड़े दो एजेंट पूर्व राष्ट्रपति को बचाने के लिए दौड़ते हुए दिखाई दिए। वीडियो में देखा गया कि उन्होंने अपना दाहिना कान पकड़ा और पोडियम के पीछे घुटनों के बल बैठने से पहले अपना हाथ नीचे करके देखा। वे करीब एक मिनट बाद बाहर आए, तब उनका चेहरा खून से लथपथ था। फाइट! फाइट! फाइट!ठ उन्होंने अपनी मुट्ठी हवा में हिलाते हुए कहा। फायरिंग के बाद सीक्रेट सर्विस ने कहा कि रैली में शामिल एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य दर्शक गंभीर रूप से घायल हो गए। अनुमान जताया जा रहा है कि यह हमला संभवतः इस वर्ष के अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ को नया रूप देगा। साथ ही रिपब्लिकन उम्मीदवार को दी गई सुरक्षा पर भी तीखे सवाल खड़े करेगा। ट्रंप सीक्रेट सर्विस की सुरक्षा में बटलर क्षेत्र से बाहर निकले और बाद में न्यू जर्सी के बेडमिंस्टर में अपने गोल्फ क्लब पहुंचे। ट्रंप अभियान ने कहा कि वह 'ठीक हैं' और उनके ऊपरी दाहिने कान पर घाव के अलावा कोई बड़ी चोट नहीं आई है।

## ट्रंप पर हमला करने वाले मैथ्यू के कार में मिला विस्फोटक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप पर हमला करने वाले थॉमस मैथ्यू क्रूक्स का नया वीडियो सामने आया है। वीडियो में वह अपना नाम बता रहा है। इसके बाद वह कहता कि उसे डोनाल्ड ट्रंप और रिपब्लिकन से नफरत है। मैथ्यू के सोशल मीडिया को खंगाला जा रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की जागरण. डॉट कॉम पुष्टि नहीं करता है। हालांकि मैथ्यू का यह वीडियो पुराना है। आरोपी क्रूक्स पेंसिल्वेनिया राज्य के बेथेल पार्क का रहने वाला था। यह जगह ट्रंप की रैली से करीब 35 मील दूर है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू क्रूक्स ने 2022 में सनतक पास किया था।

## मणिपुर के बाद त्रिपुरा में भी भड़की हिंसा, उपद्रवियों ने घर और दुकानों को किया आग के हवाले

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**धलाई (त्रिपुरा)।** शुक्रवार (12 जुलाई) को एक आदिवासी युवक



की मौत के बाद त्रिपुरा में हिंसा भड़क गई है। राज्य के धलाई जिले के गंदा ट्विसा उपखंड में हिंसा भड़कने के बाद कई घरों और दुकानों में लूटपाट के बाद आग लगा दी गई है। गंदा ट्विसा बाजार के बाहरी इलाके में पांच जगहों से हिंसा और आगजनी की खबरें आई हैं। संभावित हिंसा के मद्देनजर त्रिपुरा पुलिस के आईजी कानून एवं व्यवस्था सौमित्र धर और पुलिस अधीक्षक शुक्रवार रात से ही इलाके में डेरा डाले हुए हैं। हिंसाग्रस्त इलाके में उपद्रव को रोकने के लिए शनिवार सुबह से ही अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है। गंदा ट्विसा बाजार के बाहरी इलाके में पांच जगहों से हिंसा और आगजनी की खबरें आई हैं। संभावित हिंसा के मद्देनजर त्रिपुरा पुलिस के आईजी कानून एवं व्यवस्था सौमित्र धर और पुलिस अधीक्षक शुक्रवार रात से ही इलाके में डेरा डाले हुए हैं। हिंसाग्रस्त इलाके में उपद्रव को रोकने के लिए शनिवार सुबह से ही अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है। हुए गंदा ट्विसा के सबडिवीजनल मजिस्ट्रेट चंद्र जॉय रियांग ने कहा, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इलाके में कई जगहों से आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं। हमने नुकसान के आकलन के लिए दो टीमें बनाई हैं, जिनमें डिप्टी कलेक्टर, मजिस्ट्रेट और तहसीलदार शामिल हैं। ये टीमें लोगों को हुए नुकसान का निरीक्षण और आकलन कर रही हैं।

## परमाणु हथियार इस्तेमाल किया तो तुम्हें विश्व के नक्शे से मिटा देंगे', दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया को दी खुली चेतावनी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच पिछले कुछ समय से परमाणु हथियार के इस्तेमाल को लेकर तनाव चल रहा है। अब दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया को चेतावनी दी कि परमाणु हथियार का इस्तेमाल किया गया तो उत्तर कोरिया को मिटा देंगे। उत्तर कोरिया के पहले जारी बयान के जवाब में दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि ऐसा कोई परिदृश्य नहीं है जिसमें परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के बाद उत्तर कोरिया शासन बच पाएगा। जानकारी के लिए बता दें कि, वाशिंगटन में गुरुवार को दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने 'कोरियाई प्रायद्वीप पर परमाणु प्रतिरोध और परमाणु संचालन के लिए दिशानिर्देश' अपनाया था।इसके बाद उत्तर कोरिया ने इसे लापरवाह और भड़काऊ कार्रवाई कहते हुए इसकी निंदा की और धमकी दी कि सियोल और वाशिंगटन को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उधर, उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन ने रविवार को दक्षिण कोरियाई पर्चे



के उत्तर में सीमा पार से कचरा भरे गुब्बारे भेजने का सिलसिला बहाल करने का संकेत दिया। मई से उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया की तरफ कई कचरा भरे गुब्बारे भेजे। दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। दक्षिण कोरिया ने परमाणु हथियार के इस्तेमाल को लेकर उत्तर कोरिया को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा अगर परमाणु हथियार का इस्तेमाल किया तो इसे मिटा देंगे। इसके बाद उत्तर कोरिया ने भी अपना जवाब दिया है उसने दक्षिण कोरिया की निंदा की और धमकी दी कि सियोल और वाशिंगटन को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इसी को लेकर अब मामला तूल पकड़ रहा है। उत्तर कोरिया ने आखिरी बार जुलाई के आखिरी में दक्षिण कोरिया की ओर कचरा ले जाने वाले गुब्बारे भेजे थे। हालांकि यह तुरंत पता नहीं चल पाया था कि हाल ही में दक्षिण कोरिया में गुब्बारे भेजे गए थे या नहीं। इससे पहले जून की शुरुआत में उत्तर कोरिया ने साउथ कोरिया पर सैकड़ों कचरे से भरे गुब्बारे भेजे थे। इन गुब्बारों में कपड़े के टुकड़े, सिगरेट के टुकड़े, प्लास्टिक जैसे अन्य कचरे भरे हुए हैं। बता दें कि ये गुब्बारे उत्तर कोरिया को जवाब के तौर पर दक्षिण कोरिया की तरफ से भेजे गए थे।

## नहीं रुक रहा गाजा में मौत का तांडव, ताजा इजरायली हमले में 17 फलस्तीनियों की मौत

**काहिरा।** इजरायल की ओर से रविवार तड़के गाजा पर किए गए हमलों में 17 फलस्तीनी मारे गए, जबकि 50 लोग घायल हो गए। शहर के विभिनन्‍ इलाकों में हवाई हमले किए गए थे। इससे पहले, शनिवार को गाजा में इजरायली हवाई हमले में 90 फलस्तीनी मारे गए थे। यह हमला पिछले कुछ हफ्तों में गाजा में सबसे घातक था। इजरायल ने कहा कि हमले में हमास सैन्य प्रमुख मोहम्मद दीफ को निशाना बनाया गया था, लेकिन यह पता नहीं चल पाया है कि वह मारा गया है या नहीं। हमास ने कहा है कि हमले को सही ठहराने के लिए इजरायल इस तरह का दावा कर रहा है। हमले में मरने वाले आम नागरिक थे।यह हमला पिछले कुछ हफ्तों में गाजा में सबसे घातक था। इजरायल ने कहा कि हमले में हमास सैन्य प्रमुख मोहम्मद दीफ को निशाना बनाया गया था लेकिन यह पता नहीं चल पाया है कि वह मारा गया है या नहीं। हमास ने कहा है कि हमले को सही ठहराने के लिए इजरायल इस तरह का दावा कर रहा है। हमले में मरने वाले आम नागरिक थे। दमिश्क में रविवार तड़के सैन्य स्थलों और एक आवासीय इमारत पर इजरायली हमलों में एक सीरियाई सैनिक की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

## इमरान खान की पार्टी पीटीआई की बढ़ी मुश्किलें, चुनाव आयोग फिर करेगा इस मामले की जांच


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-



इंसाफ (पीटीआई) के अंतर-पार्टी चुनाव की जांच फिर से शुरू होने जा रही है। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ण्इ) 23 जुलाई को इसकी जांच करेगा। मई से दो बार स्थगित किए जाने के बाद यह मामला सामने आया है। मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा के नेतृत्व में पांच सदस्यीय ईसीपी पैनल इस मामले का फैसला करेगा। आगामी सत्र पीटीआई के मुख्य चुनाव आयुक्त रऊफ हसन ने 3 मार्च को ईसीपी द्वारा पार्टी की आंतरिक चुनाव प्रक्रिया के संबंध में सवाल उठाए थे। इस मामले में पहली सुनवाई होगी। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह विवाद 9 जून, 2022 को शुरू हुआ, जब पीटीआई ने अपने अंतर-पार्टी चुनाव आयोजित किए थे। हालांकि, बाद में नवंबर 2023 में ईसीपी द्वारा इस चुनाव को अमान्य कर दिया गया था। ईसीपी ने पीटीआई को निर्देश दिया कि अगर वह आगामी आम चुनावों के लिए अपने बैट चुनाव चिह्न को बरकरार रखना चाहती है, तो उसे 20 दिनों के भीतर नए चुनाव कराने होंगे। इसके बाद से देश भर में राजनीतिक अभियान तेज हो गए। पीटीआई ने तुरंत 2 दिसंबर, 2023 को नए अंतर-पार्टी चुनाव आयोजित किए। हालांकि, राजनीतिक पार्टी के आंतरिक तंत्र की अभूतपूर्व विस्तृत जांच के बाद, ईसीपी ने सिर्फ 20 दिन बाद ही इस चुनाव को रद्द कर दिया ने पीटीआई को आसनन्‍ आम चुनावों में अपने चुनाव चिन्ह का उपयोग करने से रोक दिया है।







# भारत विकास परिषद के दायित्व शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रविवार को जनपद सोनभद्र रॉबर्ट्सगंज विंध्य कन्या



पी जी कालेज में भारत विकास परिषद सोनभद्र शाखा के द्वारा दायित्व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन का मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार एवं प्रांतीय संरक्षक ब्रम्हानंद पेशवानी जी ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं भारतीय जीवन मूल्य परिषद के मूल मंत्र है भारत की राष्ट्रीय एकता, विश्वबंधुत्व, सर्वधर्म समभाव और उद्दात मानवता हमारी प्रेरणा एवं समाज के प्रति समरसता एवं एकात्मता का व्यवहार इसकी पूंजी है। राष्ट्रीय परिपेक्ष में प्रबल संवेदनशीलता, प्रखर राष्ट्रवाद एवं आध्यात्मिक चेतना संगठन की स्थाई पहचान है।भारत विकास परिषद की आस्था,मातृभूमि के प्रति समर्पण भाव और भारतीय जीवन मूल्य पर आधारित है। प्रान्तीय अध्यक्ष रवि प्रकाश जायसवाल ने नए पदाधिकारी अंजली विक्रम सिंह, चित्रा जालान, अजीत जायसवाल, डॉ रोहित केडिया को शपथ दिलाई और कहा कि भारत विकास परिषद समाज के प्रबुद्ध, संपन्न एवं प्रभावी व्यक्तियों का एक गैर राजनीतिक, सामाजिक ,सांस्कृतिक ,राष्ट्रीय संगठन है। जो अपने सदस्यों के माध्यम से समाज के वंचित वर्ग की सेवा कर नवीन पीढ़ी में देशभक्ति के संस्कारों द्वारा समाज एवं राष्ट्र के निर्माण के महान कार्य में विगत 6 दशकों से निरंतर सक्रिय है। इस समारोह मे विनोद जालान, संदीप जायसवाल, ,जेपी गुप्ता, रमेश जायसवाल, राजेश गुप्ता, गौरव अग्रवाल,शिवम केशरी, विनोद जायसवाल, अनीता गुप्ता, शिवम सर्राफ़,कुनाल सिंह मनोज जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# पौध रोपण करें पेड़ बचाओ अभियान निकाली रैली

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** नगर में पेड़ों की तेजी से हो रही कटाई को मद्दे नज़र रखते हुए नगर से कुछ सामाजिक



और जिम्मेदार बहनों ने नगर के अंदर पर्यावरण सुरक्षा हेतु अधिक से अधिक पौध रोपण करने और उसे बचाने हेतु हर वार्ड से सक्रिय बहनों की टीम तैयार की है त् आज पर्यावरण सुरक्षा पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ का संदेश देने के लिए कुछ सक्रिय संस्थान की बहनों जिसमें जागृति योग संस्थान की टीम ,इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की टीम, डेंटल मेडिकल एसोसिएशन की टीम के द्वारी ुाह ुेे के नाम से ग्रुप तैयार किया गया है जो अपने -अपने वार्ड में वृक्षों को लगाने और उसे परिपक्व होने तक सुरक्षा देने की जिम्मेदारी ग्रहण करेगी इस टीम में मुख्य रूप से डॉ वीणा सिंह ,अनीता गुप्ता ,डॉ मीनाक्षी सिंह ,डॉ जय लक्ष्मी, अर्चना जैसवाल ,अनामिका सिंह डॉ अनुराधा सिंह , ममता गुप्ता संगीता सोनी तलविन्दर भंडारी, रोजी भंडारी ,बीना गुप्ता ,लक्ष्मी जैसवाल, सीता जैसवाल ,अर्चना मिश्रा निधि गुप्ता तथा अनेक सक्रिय बहने आज के रैली में भी हिस्सा लिया।

# असगर का झूला नगर में बड़े ही अकीदत व एहतेराम के साथ निकला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** हीरा बाबा वारसी के टैक्सी स्टैंड रावटसगंज स्थित मकान से पूर्व की ही भांति इस बार भी असगर का झूला बड़े ही अकीदत



व एहतेराम के साथ निकला। अली असगर के झूले के जुलूस में पुरुषों के साथ ही औरतों और बच्चों की भी भारी भीड़ उपस्थिति रही। असगर के झूले में मुसलमानों के अलावा अन्य धर्मों के अनुयायी भी बड़ी संख्या में शामिल थे। जुलूस टैक्सी स्टैंड से उठकर पुलिस चौकी, धोबियांन मोहाल, मेंन चौक-मेन मार्केट होते हुए पुनः टैक्सी स्टैंड पर पहुंचकर संपन्न हुआ। जगह-जगह अकीदतमंदो ने शरबत, खिचड़े और बिरयानी का लंगर भी जुलूस में शामिल लोगों को तक्सीम किया। जुलूस में हीरा बाबा वारसी ने 6 माह के नन्हे अली असगर की शहादत का जिक्र बड़े ही मार्मिक अंदाज से किया। उन्होंने कहा कि यजीदी फौज में जहां 22 हजार की तादाद थी, वही मौला हुसैन के साथ 72 की तादाद थी। जिसमें 6 माह के अली असगर से लेकर 72 साल के बूढ़े भी शामिल थे। मोहर्रम का महीना हर साल जब आता है तो 6 माह के मौला अली असगर को याद करके लोगों का कलेजा मुँह को आ जाता है। रेणुकूट से आए शायरों ने कर्बला पर मनकबत पढ़कर शमाँ बांध दिया। नवजवानों ने नारे हैदरी, या हुसैन, व मौला अली असगर के नारे लगाते नही थकते थे। इस मौके पर ताजियादार एसोसिएशन अहले सुनन्त वल जमात के सदर रोशन खान, मुनीर खान वारसी, एम ए सिद्दीकी एड, शेख जलालुद्दीन, मुश्ताक खान, अशरफ अली, सगीर वारसी, साजिद खान, इमरान खा, रिजवान वारसी, फिरोज खान, अमित सिंह, आलमगीर, अनस खान, राकेश कुमार, गुड्डा, शेरू आदि सैकड़ों की संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

# बसपा कार्यालय पर आयोजित हुआ शोक सभा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रविवार को बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में सोनभद्र रावटसगंज उरमौरा बैठक की गई जिसमें बहुजन समाज पार्टी का अंत हो गया जिसकी कमी पूरे बहुजन समाज पार्टी को खलती रहेगी कमी सताती रहेगी और ऐसे सच्चे निष्ठावान ईमानदार सिपाही मिलना मुश्किल



के कर्म द जुझारू निष्ठावान सिपाही विभिनन्न पदों पर रहकर पूरा जीवन समर्पित करने वाले पूर्व जिला महासचिव रमेश सिंह पटेल का स्वर्गवास 13 जुलाई 2024 को हो गया उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया जिसमें जिला प्रभारी कमलेश गोंड ने कहा कि स्वर्गीय रमेश पटेल अपना पूरा जीवन बहुजन समाज पार्टी को आगे बढ़ाने में लगे और अंतिम क्षण तक बहुजन समाज पार्टी का काम करते है कुर्मी समाज में अच्छी पकड़ रखने वाले हम लोगों के गाजिन्यन स्वरूप रहे जिनका दुख पूरे बहुजन समाज पार्टी को है बसपा जिला अध्यक्ष बी सागर में कहा कि सोनभद्र में बहुजन समाज पार्टी के एक युग है कुर्मी समाज के स्तंभ रहे समाज में अच्छी पकड़ रखने वाले स्वर्गीय रमेश पटेल के आत्मा को प्रकृति शांति प्रदान करें और उनके परिवार को दुख की घड़ी में साहस बनाए रखने की शक्ति प्रदान करें। शोकसभा में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हीरालाल सायन डॉ रामावतार चौहान, शिव शंकर राव ,फूल मोहम्मद, भगवानदास भारती ,बलवंत रंगीला, अमन मौर्य ,प्रदीप पांडे, वीरेंद्र मौर्य, राम लखन देहाती ,विक्रम सिंह पटेल ,अवधेश विश्वकर्मा, रमेश कुशवाहा, देवी शरण भारती, अनीश भारती, मुनन भारती, डॉ गणेश कुमार ,पवन प्रधान राजेश भारती, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दाह संस्कार के लिए लकड़ी लेने गए विकलांग सफाई नायक को नगर पंचायत अध्यक्ष के भतीजे ने दौड़ा दौड़कर पीटा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**अनपरा सोनभद्र।** जिले की सबसे बड़ी नगर पंचायत जहाँ व्याप्त




भरस्टाचार को लेकर प्रदेश मे सुखिर्या बटोर रहा है वही नगर पंचायत अध्यक्ष के घर मे एक विकलांग सफाई नायक की अध्यक्ष के भतीजे द्वारा पिटाई कर दिए जाने से क्षेत्र मे रोष व्याप्त है त् सफाई नायक मोहन गुप्ता ने आरोप लगाया है कि रविवार को अनपरा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 भरत नगर निवासी उमेश की लड़की का लम्बी बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया त् सभासद अंगद सिंह के कहने पर दाह संस्कार के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष के घर पहुंचा जहाँ पहले से मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष विश्राम बैसवार व उनके पुत्र संजय वैसवार सहित अध्यक्ष के भतीजे शंकर दयाल बैठे थे जैसे ही उसने बताया कि दाह संस्कार के लिए लकड़ी लेने के लिए सभासद ने भेजा है शंकर दयाल अपशब्द बोलते हुए आग बबुला हो गए और गाली गलौज करते हुए विकलांग सफाई नायक को लात घुस्से से मारने लगे वह किसी प्रकार से अपनी गाड़ी छोड़कर वहा से भागने लगा पर उसे दौड़ाकर पीटने लगे घर के बाहर गुजर रहे लोगो ने बीच बचाव कर उसे बचाया त् शंकर दयाल ने धमकी दिया कि कही आवाज़ उठाओगे तो तुम्हे नौकरी से निकालवा देंगे, सफाई नायक पवन गुप्ता ने घर पहुंच अपनी ज़ब आप बीती बताई तो लोगो मे आक्रोश फैल गया त् सभासद अंगद सिंह,सपा नेता प्रशांत सिंह, गैवी यादव, इम्तियाज़ शेख, अतुल,मोहम्मद फुलील आदि ने विकलांग सफाई नायक की पिटाई की निंदा करते हुए कहा कि दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए त् इस सम्बन्ध मे नगर पंचायत अध्यक्ष विश्राम बैसवार ने कहा मामले की जानकारी नहीं है।

# विभिन्न मामले में 14 वारंटी का पुलिस ने किया चालान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह द्वारा अपराध रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जाने अभियान के क्रम में अपर पुलिस




अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर डॉ चारु के नेतृत्व मे एवं प्रभारी निरीक्षक राबर्ट्सगंज के कुशल मार्ग दर्शन में न्यायालय, जनपद सोनभद्र के आदेश के क्रम में 14 नफर वारण्टियों को भिनन्न भिनन्न मुकदमे एवं धाराओं में कुल 14 नफर अभियुक्त जिसमे 10 नफर पुरूष व 04 नफर महिला है को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

**गिरफ्तारी वारंट का नाम और केस नंबर-** 1. एसटी नं0 509/20- सतीश पटेल पुत्र रामनरेश पटेल नि0 निपराज थाना रा0गजं जनपद सोनभद्र उम्र करीब 26 वर्ष 2. एसटी नं0 106/17- कमलेश यादव पुत्र मुनन नि0 घुरमा कम्हारी थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 32 वर्ष 3. एसटी नं0 36/17 सुरेश कुमार भारती पुत्र गिरजा प्रसाद नि0 बढ़ौली थाना रा0गजं जनपद सोनभद्र उम्र करीब 42 वर्ष 4. एसटी नं0 668/2022 - रमाशंकर मौर्या पुत्र भग्गी मौर्या निवासी ग्राम मुबारक पुर पोस्ट मधुपुर थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 45 वर्ष 5. एसटी नं0 16/2020 धारा 323,504 भादवि महेश पुत्र हरिहर नि0 सिद्दीकला थाना रा0गज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 31 वर्ष 6. एनबीडब्ल्यू प्रकीर्ण वाद सं0 168/24 रामप्रवेश पुत्र रघुवर प्रसाद निवासी कम्हारी (ब्रम्हनगर) थाना कोतवाली रार्वटसगंज जनपद सोनभद्र 7. मु0नं0 9661/20 पुष्पा देवी पतनि सन्तोष केशरी उर्फ कल्लू नि0 हिनौता थाना रा0गज जनपद सोनभद्र 8. मु0नं0 9696/20 चम्पा देवी पुत्री कैलाश केशरी हिनौता थाना रा0गजं जनपद सोनभद्र 9. मु0नं0 1114/19 अनुप पुत्र पप्पू नि0 पसही खुर्द थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र 10. मु0नं0 37/2017,38/2017 परवीन पतनि बुद्धू नि0 कांशीराम आवास क्या0नं0 644 थाना रा0गज जनपद 11. एसटी नं. 1724/13 लखेन्दर गोड़ पुत्र फते गोड़, निवासी भगवन्तपुर, थाना रागजन, जिला सोनभद्र। 12. मु0नं0 144/2024 रुदा देवी पतनि सुरेश शर्मा नि0 पुसौली वार्ड नं0 3 बिचपई महाल थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र मु0नं0 144/2024 रिशु उर्फ रपमेश्वर शर्मा पुत्र सुरेश शर्मा नि0 पुसौली वार्ड नं0 3 बिचपई महाल थाना रागजं जनपद सोनभद्र। 13. 14. एसटी नं0 1539/13 धारा 279,337,338 भादवि सुशील कुमार पुत्र मुनन्नू उर्फ शिवशंकर नि0 बच्छौन्धा नई बाजार थाना रा0गजे जनपद **गिरफ्तारी करने वाली टीम रहे पुलिस टीम** 1. उ0नि0 राजेश कुमार यादव,2. पकंज कुमार सरोज, 3. आशीष कुमार, 4. उ0नि0 अरविन्द कुमार गुप्ता, 5. का0 अरविन्द कुमार ,6. राम सिंह , 7. उ0नि0 कमलनयन ,8. संजय कुमार, 9. उ0नि0 बृजेश कुमार पाण्डेय 10. अनिश कुमार यादव 11. दीक्षा पाण्डेय 12. उ0नि0 बृजेश सिंह,13. रवि कुमार यादव, 14. भारती 15. उ0नि0 महेन्द्र यादव, 16. हे0का0 विजय कुमार , 17. उ0नि0 संजय कुमार सिंह18. अजीत कुमार, 19. दीक्षा पाण्डेय, 20. उ0नि0 सरिमन सोनकर, 21 ओमप्रकाश यादव,आदि लोग रहे।

# 4 घंटे से हाईवे जाम, बच्चे नहीं पहुंचा पाए स्कूल कर्मिचारियों की भी छूटी ड्यूटी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर रेणुकूट से अनपरा के बीच भारी जाम के चलते वाहन रेंगते नजर आ रहे हैं। सोमवार की सुबह से जाम के चलते कई स्कूलों ने छुट्टी



कर दी। वहीं कर्मचारियों की ड्यूटी भी छूट गई। ओवरलोड वाहनों के धड़ल्ले से संचालन से लोगों को आए दिन जाम झेलना पड़ रहा है। सोमवार को जाम इतना भीषण लगा कि बच्चे स्कूल तक नहीं पहुंच पाए। मजबूरन कई स्कूलों ने छुट्टी कर दी। उधर, बड़ी संख्या में कर्मचारी और दैनिक मजदूर भी अपने कार्यस्थल पर समय से नहीं पहुंच पाए। रविवार की देर शाम से ही लगा जाम सोमवार की दोपहर तक जारी रहा। जाम में फंसे वाहन सड़क पर रेंगते दिखे रेणुकूट में रविवार की शाम को दुलदुल के जुलूस की वजह से भारी वाहनों को नगर में प्रवेश से रोक दिया गया था। संकरे हाईवे पर जगह-जगह वाहन खड़े रहे। जुलूस के बाद पुलिस देर रात तक जाम हटाने में ही लगी रही। तुर्रा चौराहे से रिहंद बांध के पुल तक 6 स्थानों पर खराब हुए ओवरलोड वाहनों से स्थिति ज्यादा बिगड़ गई। देर रात वाहनों का जाम हटाकर आए पुलिसकर्मी फिर से जाम लगने की सूचना पर सोमवार की सुबह ही मौके पर पहुंच गए। जाम कुवारी से मुर्धवा तक पहुंच गया। लगभग 8 किलोमीटर लंबे जाम से लोग परेशान हो गए। जाम की स्थिति देख डीसी लेविस मेमोरियल स्कूल, संत एबीआर पब्लिक स्कूल, हिलारियस किड्स स्कूल समेत कई विद्यालयों ने छुट्टी कर दी। अन्य विद्यालयों के बच्चे भी सड़क पर स्कूल जाने के लिए परेशान दिखे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र से आए हजारों श्रमिकों के वाहन भी जाम में फसने से उनकी ड्यूटी भी छूट गई। नगरवासियों का कहना है कि प्रशासन को ओवरलोड वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। यदि ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसा गया तो जाम से निजात मिल सकती है। इसके अलावा जब तक हाथीनाला से शक्तिनगर तक फोरलेन नहीं बन जाता तब तक जाम की समस्या दूर नहीं होगी।

# केंद्रीय राज्य मंत्री का भाजपा युवा मोर्चा ने किया स्वागत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** केंद्रीय राज्य मंत्री के सोनभद्र आगमन पर भाजपा युवा



मोर्चा के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी की अगवाई में किया गया जोरदार स्वागत,,। केंद्रीय राज्य मंत्री कोल एवं खनन विभाग सतीश चंद्र द्विवेदी के सिंगरौली आगमन पर सोनभद्र में भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी विपिन तिवारी की अगुवाई में जोरदार स्वागत किया गया,। रविवार को केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र त्रिवेदी का कार्यक्रम अनपरा एनसीएल व सिंगरौली एनसीएल की समीक्षा बैठक हेतु आगमन पर, मंत्री से सोनभद्र पहुंचने पर भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी विपिन तिवारी के द्वारा भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर मंत्री का जोरदार स्वागत कर अभिवादन किया गया व सोनभद्र की खनन व कोल से रिलेटेड समस्याओं को माननीय मंत्री से अवगत कराया गया मंत्री का ध्यान सोनभद्र में प्रकृति की धरोहर फॉसिल्स पार्क के बारे में अवगत कराकर मंत्री का ध्यान प्रकृति की तरफ भी उत्कृष्ट कराया गया, भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रमोद महिला महाविद्यालय के प्रबंधक सुधीर मिश्रा, शैलेंद्र दुबे , सूर्य पांडे किसान मोर्चा जिला मंत्री, रवि तिवारी ,गोलू चौबे,व बहुसंख्यक मात्रा में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दो पक्ष में मारपीट में तीन घायल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**डाला सोनभद्र।** स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत सेवा सदन मोड़ के पास नगर के वार्ड नंबर नौ की छात्रा के साथ हुई अभद्र टिप्पणी व छेड़खानी को लेकर दो पक्षों में झड़प के साथ मारपीट में तीन युवक घायल हो गए। एनसीआर हुआ दर्ज, जांच में जुटी पुलिस प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार बिती आठ लगभग साढ़े आठ बजे डाला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत सेवा सदन मोड़ के पास शाहिल सिंह कुछ साथियों के खड़ा था उसी दौरान आरोपी पक्ष के कुछ वहां पहुंच कर छात्रा के साथ हुआ अभद्र टिप्पणी व छेड़खानी को लेकर दो पक्षों में झड़प के साथ मारपीट हो गई जिसमें विकास जायसवाल व दूसरे पक्ष से साहील और जावेद घायल हो गए। जिनके बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंची डाला पुलिस व आसपास के लोगों ने घायल युवक



साहिल को डाला निजी क्लीनिक पर भर्ती करवाया , जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के उपरांत घायल को चोपन अस्पताल भेजवा दिया। जिसके उपरांत दोनों पक्षों ने लिखित तहरीर दिया है। सूत्रों की मानें तो नई बस्ती निवासी एक छात्रा ने डाला चौकी में तहरीर देकर बताया कि मुझे आए दिन स्कूल व मार्केट जाते समय जावेद पुत्र स्व रफीक, साहील, कुनाल पुत्र यशवंत सिंह व अन्य तीन चार साथीयों द्वारा रास्तें में भद्दे भद्दे कमेंट और छेड़खानी करते हैं, जिसको लेकर मेरे भाई व पिता ने आरोपीयों समझाया था लेकिन पुनः शनिवार की सायं सात बजे मै बाजार से घर आ रही थी तो रास्ते में मेरा हाथ पकड़ कर छेड़खानी करने लगे तभी शोर मचाते हुए घर भागकर आ गई। उसके बाद पुनः आरोपी मेरे घर पर दस लोगों के साथ आकर गाली गलौज करके धमकी देने लगे।जिसको लेकर दोनो पक्षों में जमकर मारपीट हुई है। वहीं तहरीर देने के बाद छात्रा ने सुरक्षा हेतु शनिवार की रात्रि 1090 पर गुहार लगाई। इस संबंध में डाला चौकी इंचार्ज शिव कुमार सिंह ने बताया कि शाहिल सिंह पुत्र सरवन कुमार सिंह निवासी डाला चढ़ाई के तहरीर के आधार पर आरोपी विकास , पंकज , अभिनव, अनुराग, के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत एनसीआर दर्ज करते हुए जांच की कार्रवाई जा रही है।

# रंजिश में सभासद पर दबंगों ने किया हमला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**जौनपुर।** जौनपुर के वार्ड नं 26 के



सभासद आनंद निषाद पर दबंगों ने पुरानी रंजिश में हमला कर दिया। जिससे उनका हाथ फ्रैक्चर हो गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जौनपुर जिले के नगर पालिका के वार्ड नं 26 चक प्यारअली के वर्तमान सभासद व बलुआघाट निवासी आनंद निषाद के पर रविवार की रात 11 बजे सद्भावना पुल के पास जानलेवा हमला हुआ। इससे सभासद गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका हाथ फ्रैक्चर हो गया। नगर कोतवाली थाना क्षेत्र सरायपोख्ता चौकी अंतर्गत सद्भावना पुल के पास पुरानी रंजिश को लेकर वार्ड नं 26 के सभासद आनंद निषाद (40) पर हमला हुआ। पुलिस के मुताबिक एक युवक जो सभासद आनंद निषाद के यहां पहले टेंट हाउस पर काम करता था, काफी दिनों से सभासद ने कार्य में लापरवाही के कारण उसे अपने टेंट हाउस से हटा दिया। तभी से रंजिश रख रहा था। बीती रात में सद्भावना पुल के पास 10-12 की संख्या में युवक पहले से मौजूद थे। जैसे ही सभासद आनंद निषाद उस रास्ते से आ रहे थे, दबंगों ने रोक लिया और उनके ऊपर लाठी- डंडे और चाकू से हमला कर दिया। जिससे सभासद आनंद निषाद गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका बाया हाथ फैक्चर हो गया और चेहरे पर चाकू के हमले से चोट लगी, जिससे सभासद अचेत हो गए। खून से लथपथ हाल में वह किसी तरह कोतवाली पहुंचे। शहर कोतवाल मिथिलेश मिश्रा ने तत्काल उनसे तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस को भेज कर मेडिकल करवाया। कोतवाल मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि सभासद आनंद निषाद द्वारा नखास के आशीष निषाद सहित कई लोगों के विरुद्ध तहरीर दी गई है। तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दबंगों को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी जा रही है।

# स्पोर्ट्स




## शुभमन गिल ने जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज जीतकर बनाया नायाब रिकॉर्ड, अब तक कोई भारतीय कप्तान नहीं कर सका ऐसा कमाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शुभमन गिल ने भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए अपनी पहली सीरीज में एक नायाब रिकॉर्ड बनाया है। गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी20घ् सीरीज को 4-1 से अपने नाम किया। विदेश में खेली गई इस सीरीज में चार टी20घ् मैच में जीत हासिल करने वाले शुभमन गिल पहले भारतीय कप्तान बने। आज तक उनसे पहले कोई भी भारतीय कप्तान विदेश में जाकर एक सीरीज में चार टी20घ् मैच नहीं जीत सका। ऐसे में गिल ने वो कारनामा कर दिखाया, जो आज तक कोई भी नहीं कर सका। दरअसल, भारत और जिम्बाब्वे के बीच पांचवां टी20घ् मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में 14 जुलाई को खेला गया, जिसमें टीम इंडिया को 42 रन से जीत मिली। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 167 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम इंडिया की तरफ से संजू सैमसन (58) रन और शिवम दुबे के बल्ले से 26 रन की पारी निकली। वहीं, 168 रन का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम 125 रन पर ही ढेर हो गई। भारत की तरफ से मुकेश कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट चटकाए। उनके अलावा शिवम दुबे ने 2 विकेट हासिल किए। इस तरह शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम ने पांच मैचों की टी20घ् सीरीज को 4-1 से अपने नाम किया। गिल टी20 इंटरनेशनल में भारत की कप्तानी करने वाले 14वें प्लेयर बने, जिन्होंने चार मैच में टीम को जीत दिलाई। रोहित शर्मा (50), एमएस धोनी (42), विराट कोहली (32), हार्दिक पांड्या (10) और सूर्यकुमार यादव (5) में भारत की कप्तानी सबसे ज्यादा टी20 मैच में जीत दर्ज की।




## बीसीसीआइ ने सुनी अपनों की बात, जानलेवा बीमारी से जूझ रहे पूर्व कोच के इलाज के लिए दिया 1 करोड़ का फंड


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज और पूर्व कोच अंशुमन गायकवाड़ इस समय जानलेवा बीमारी से जूझ रहे हैं। उनके लिए कई पूर्व क्रिकेटरों ने मदद की बात कही थी और बीसीसीआई से मदद भी मांगी थी। बीसीसीआई ने इस मामले में बड़ा कदम उठाया है और अंशुमन के इलाज के लिए फंड जारी करने का एलान किया है। भारत के पूर्व बल्लेबाज-कोच संदीप पाटिल, पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने ये मुद्दा बीसीसीआई कोषाध्यक्ष आशीष शेलार के पास पहुंचाया था। भारत को पहला वर्ल्ड कप दिलाने वाले कप्तान कपिल देव ने भी बीसीसीआई से अंशुमन की मदद करने की अपील की थी और अपनी पेंशन भी देने की बात कही थी। बीसीसीआई ने पूर्व क्रिकेटरों के आग्रह को सुना और अंशुमन के इलाज के लिए फंड देने का फैसला किया।समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, बीसीसीआई ने रविवार को एक बयान जारी कर बताया है कि वह अंशुमन के इलाज के लिए एक करोड़ की राशि देने को तैयार है। अंशुमन का इस समय लंदन में इलाज चल रहा है। बीसीसीआई ने बयान में लिखा,



ठजय शाह ने बीसीसीआई से पूर्व क्रिकेटर अंशुमन गायकवाड़ की आर्थिक सहायता के लिए तुरंत प्रभाव से एक करोड़ रुपये का फंड देने को कहा है। शाह ने अंशुमन के परिवार से भी बात की है और उन्हें मदद का आश्वासन दिया है। बयान में लिखा है, ठबोर्ड इस मुश्किल घड़ी में गायकवाड़ परिवार के साथ खड़ा है और उन्हें ठीक करने के लिए जो करना पड़ेगा वो करने को तैयार है। बीसीसीआई अंशुमन की हेल्थ पर नजर रखे और उनके इलाज के बारे में लगातार जानकारी हासिल कर रहा है। हमें पूरा विशनस है कि वह इस मुश्किल घड़ी में से मजबूती के साथ वापसी करेंगे।अंशुमन भारतीय टीम के पूर्व कप्तान डीके गायकवाड़ के बेटे हैं। उन्होंने 1975 से लेकर 1987 तक भारत के लिए 40 टेस्ट, 15 वनडे मैच खेले। वह दो बार टीम इंडिया के कोच भी रहे। 71 साल के अंशुमन इस समय ब्लड कैंसर से जूझ रहे हैं। पूर्व क्रिकेटरों ने भी उनकी मदद करने की बात कही है।

## पाकिस्तान की गीदड़ भभकी, कहा- अगर भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नहीं आई तो

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टी20 वल्ड कप 2024 के बाद अब अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होगा। टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्तान को करनी है। कई मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने घ्ण् से चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के वेन्यू में




बदलाव की मांग की है। बोर्ड ने हाइब्रिड मॉडल में टूर्नामेंट का आयोजन कराने का आग्रह भी किया है। ऐसे में भारतीय टीम अपने मुकाबले पाकिस्तान के बजाए अन्य देश में खेलेगी। अब पाकिस्?तान की ओर से भारतीय टीम को गीदड़ भभकी मिली है। अगर भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करती है तो पाकिस्तानी क्रिकेट टीम भारत की मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप 2026 का बहिष्कार करेगी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक अगर भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करती है तो पाकिस्तान 2026 में भारत की यात्रा नहीं करेगा। आईसीसी का वार्षिक सम्मेलन 19-22 जुलाई के बीच कोलंबो में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए हाइब्रिड मॉडल की किसी भी योजना का विरोध करेगा। अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होगा। टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्?तान के करनी है। ऐसे में कई मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने से चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के वेन्यू में बदलाव की मांग की है। बोर्ड ने हाइब्रिड मॉडल में टूर्नामेंट का आयोजन कराने का आग्रह भी किया है। भारतीय टीम ने आखिरी बार 2008 में एशिया कप के लिए पाकिस्तान का दौरा किया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण भारतीय टीम ने पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। दोनों टीमें अब सिर्फ आईसीसी इवेंट में टकराती हैं। एशिया कप 2023 के दौरान भारतीय टीम ने पाकिस्?तान का दौरा नहीं किया था। वहीं वनडे विश्व कप 2023 के लिए पाकिस्?तान टीम भारत आई थी।

## नीरज चोपड़ा के साथ किशोर जेना से भी पदक की आस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** किसने सोचा था कि ओलंपिक में भारत भाला फेंक में मजबूत दावेदार होगा। यह एक ऐसा खेल है, जहां भारत कई वर्षों तक संघर्ष करता आया है। फिर भारत के लिए ऐतिहासिक टोक्यो ओलंपिक में नीरज चोपड़ा के रूप में भारत को पदक का एक मजबूत दावेदार मिला। इसके बाद देश में भाला फेंक को लेकर ऐसी लहर पैदा हुई कि भारत इस खेल में पावरहाउस बन गया। भाला फेंक में ऐसा दबदबा कभी जर्मनी और चेक गणराज्य का हुआ करता था। नीरज चोपड़ा की स्वर्णिम सफलता ने तो अनगिनत भारतीय एथलीटों को प्रेरित किया है, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण किशोर जेना हैं। इस एथलीट ने बेशक नीरज चोपड़ा जितनी सुखिर्यां नहीं बटोरी लेकिन कौशल में किशोर जेना भी नीरज से किसी भी पैमाने पर कम नहीं हैं। पिछले वर्ष एशियाई खेलों में नीरज चोपड़ा ने 88.88 मीटर के साथ स्वर्ण तो जेना ने 87.54 मीटर भाला फेंककर रजत पदक हासिल किया था। टोक्यो ओलंपिक में नीरज चोपड़ा प्रतिस्पर्धा करने वाले एकमात्र भारतीय थे, लेकिन इस बार पेरिस में किशोर जेना भी होंगे, जिनसे भारत को पदक की आस है। जेना का पहला प्यार भाला फेंक नहीं, बल्कि वॉलीबाल था। वॉलीबाल खिलाड़ी के रूप में भुवनेश्वर में ओडिशा सरकार के स्पो?ट्र्स हास्टल में पहुंचा दिया। यहीं पर किशोर जेना को पूर्व ओडिशा राज्य चैंपियन लक्ष्मण बराल ने भाला फेंक से रूबरू कराया था। जेना को वॉलीबाल खेलते हुए देखकर प्रभावित होकर, बराल ने उन्हें बांस से बना भाला भेंट किया। वॉलीबाल के साथ ही जेना भाला फेंकने का भी अभ्यास करने लगे और कालेज स्पर्धाओं में कई पदक जीते। इस बीच वॉलीबाल में उनकी लंबाई ने बाधा डाली तो उन्होंने भाला फेंक में ही करियर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया।



## अब से टेनिस पर एक ही राज करेगाष्ठ' कार्लोस अल्काराज के विंबलडन 2024 का खिताब जीतने पर सचिन तेंदुलकर ने दी बधाई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने का खिताब जीतने पर कार्लोस अल्काराज को बधाई दी है। अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर सचिन तेंदुलकर ने खास पोस्ट शेयर किया है। टेनिस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट विंबलडन 2024 के पुरुष एकल के फाइनल मैच में अल्काराज ने जोकोविच को मात दी। स्पेन के टेनिस स्टार ने सीधे सेटों में जोकोविच को 6-2, 6-2 और 7-6 से करारी शिकस्त दी और ये टाइटल लगातार दूसरी बार अपने नाम किया। दरअसल, महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने स्पेनिश टेनिस प्लेयर कार्लोस अल्काराज को विंबलडन 2024 का खिताब जीतने पर बधाई दी। 21 साल के कार्लोस अल्काराज ने डिकोविच को फाइनल मैच में हराया। ये खिताब जीतने के साथ ही कार्लोस टेनिस के इतिहास के छठे प्लेर बने, जिन्होंने एक ही साल में फ्रेंच ओपन और विंबलडन ने टाइटल जीता। विंबलडन 2024 का टाइटल जीतने के बाद सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि अबसे टेनिस पे एक ही राज करेगा, वो है अल्काराज। विंबलडन 2024 का फाइनल वो भी सीधे सेटों में जीतना और जब आपके सामने वर्ल्ड क्लास प्लेयर हो ये कोई मजाक की बात नहीं। उस तरह की गति, शक्ति, प्लेसमेंट और ऊर्जा के साथ, ऐसा लगता है कि आने वाले सालों में कार्लोस अल्काराज के लिए फायदेमंद होने वाला है। जोकोविच को उनकी शालीनता और जीत और हार में जिस तरह से उन्होंने खुद को पेश किया है, उसके लिए सलाम। मेरे लिए ये सच्चो सपोर्ट्सपर्सन की पहचान है।बता दें कि 21 साल या उससे कम साल की उम्र में अल्काराज ने बोरिस बेकर, ब्योर्न बोर्ग और मैट्स विलेंडर के साथ मिलकर सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने के ओपन एरा रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। दो विंबलडन खिताबों के अलावा, उन्होंने एक फ्रेंच ओपन और एक यूएस ओपन खिताब जीता है।



## युवराज सिंह ने चुनी ऑल टाइम बेस्ट 11, धोनी का काटा पत्ता; अपने कट्टर दुश्मन को दी जगह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिग्गज भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने ऑल टाइम बेस्ट प्लेइंग इलेवन चुनी है। उन्होंने अपनी इस टीम में भारत के सबसे सफल कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को जगह नहीं दी है। युवराज ने इस टीम में केवल 3 भारतीय प्लेयर्स को जगह दी है। साथ ही टीम में ऑस्ट्रेलिया के 4 खिलाड़ी शामिल हैं। उन्होंने अपने आप को 12घ् मैन के रूप में चुना है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग और सचिन तेंदुलकर को उन्होंने बतौर ओपनर चुना है। 3 नंबर पर युवराज ने रोहित शर्मा को और 4 नंबर पर विराट कोहली को जगह दी है। युवराज ने अपनी ऑल टाइम प्लेइंग इलेवन में दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स के साथ-साथ इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ को भी शामिल किया। अपनी इस टीम में उन्होंने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपनर एडम गिलक्रिस्ट को बतौर विकेटकीपर चुना। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने अपनी ऑल टाइम बेस्ट 11 में 4 गेंदबाजों को जगह दी है। इनमें मुथैया मुरलीधरन, शेन वॉर्न, ग्लेन मैक्ग्रा और वसीम अकरम शामिल हैं। सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, रोहित शर्मा, विराट कोहली, एबी डिविलियर्स, एडम गिलक्रिस्ट, शेन वॉर्न, मुथैया मुरलीधरन, ग्लेन मैक्ग्रा, वसीम अकरम, एंड्रयू फ्लिंटॉफ। शनिवार को वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स का फाइनल मैच खेला गया, जिसमें इंडिया चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस को पांच विकेट से हरा दिया। पाकिस्तान ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 156 रन बनाए। इंडिया चैंपियंस ने टारगेट पांच गेंद पहले पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। टूर्नामेंट में इंडिया चैंपियंस की कमान युवराज सिंह के हाथों में थी।




## सीरीज जीतने के बाद गिल ने आगे के प्लान का खुलासा किया, रोहित शर्मा की कप्तानी को लेकर भी कही बड़ी बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शुभमन गिल की कप्तानी वाली युवा टीम ने जिम्बाब्वे में तिरंगा लहरा दिया। टी20 वल्ड कप 2024 के तुरंत बाद खेलने गई इस टीम ने ज्यादातर स्टार को मौका दिया गया था। मैन इन इन ब्लू ने रविवार को हरारे में खेले गए आखिरी मुकाबले में 42 रन से जीत दर्ज करने के साथ ही सीरीज 4-1 से अपने नाम की। भारतीय टीम को पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था, इसके बाद टीम ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और जीत का चौका लगाया। पहली सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे शुभमन गिल जीत के बाद काफी खुश नजर आए और उन्होंने आगे के प्लान के बारे में बताया। जीत के बाद गिल ने कहा, ठयह एक बेहतरीन सीरीज थी। पहले मैच में हार के बाद हमारी भूख बढ़ी। बहुत से खिलाडियों ने लंबी यात्रा की थी और वह कंडीशन नहीं जानते थे। जिस तरह से उन्होंने अपने आप को परिस्थितियों के हिसाब से ढाला वह उल्लेखनीय था। मैं एशिया कप के लिए एक बार श्रीलंका गया हूं, वहां जाकर प्रदर्शन करने का इंतजार कर रहा हूं। बता दें कि अब भारतीय टीम श्रीलंका का दौरा करेगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 3 टी20 और 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। टी20 सीरीज की शुरुआत 27 जुलाई से होगी। रोहित शर्मा की कप्तानी को लेकर शुभमन गिल ने कहा, रोहित भाई ऐसे व्यक्ति हैं जिनका आप सम्मान करते हैं। मुझे उनकी कप्तानी में खेलने में मजा आता है क्योंकि मैंने उनके साथ बहुत खेला है। मुझे रोहित भाई, विराट भाई, माही भाई, हार्दिक भाई की क्वालिटी पसंद हैं। ट्रॉफी जीतने के बाद शुभमन गिल ने सुंदर भाव दिखाया। उन्होंने इस ट्रॉफी को युवा अभिषेक शर्मा और रियान पराग के हाथों में थमा दिया। प्रदर्शन की बात करें तो 5 मैचों की टी20 सीरीज में गिल ने 42.50 की औसत और 125.93 की स्ट्राइक रेट से 170 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 2 अर्धशतक भी लगाए।




## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन्न रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

# सम्पादकीय

## मानसून के साथ ही मंडराने लगा भूस्खलन का खतरा

भूस्खलन का खतरा दैवी आपदाओं से संबंधित विनाशकारी खतरों में अग्रणी गिना जाता है। भूस्खलन भारत के पर्वतीय क्षेत्र के बड़े हिस्से में सामान्य गतिविधियों में व्यवधान से लेकर बड़े पैमाने पर जान-माल की हानि और विनाश के कारण जीवन और आजीविका के लिए खतरा पैदा करते हैं। इस साल का मानसून अब पूरे सबाब पर पहुंच गया है और इसके साथ ही अतिवृष्टि तथा बादल फटने की घटनाओं की शुरुआत के साथ ही भूस्खलन का खतरा हिमालयी क्षेत्रों सहित देश के पहाड़ी इलाकों पर मंडराने लगा है। कश्मीर से लेकर पूर्वोत्तर के राज्यों में भूस्खलन सबसे अधिक मारक आपदाओं में गिना जाता है। जलवायु परिवर्तन के कारण जल आपदाओं की आवृत्ति में वृद्धि के साथ ही भूस्खलन आपदाओं में भी वृद्धि देखी जा रही है। हालांकि, भूकम्प जैसी आपदाओं में अभी तक सटीक और पर्याप्त समयावधि के लिए पूर्व चेतावनी तंत्र संभव नहीं हो सका है। लेकिन भूस्खलन के मामले में ऐसा नहीं है। इसलिए सटीक पूर्व चेतावनी से एक विश्वसनीय बचाव तंत्र अवश्य ही विकसित किया जा सकता है। नैनीताल, शिमला और जोशीमठ जैसे कई विख्यात नगर मानवीय हस्तक्षेप और दबाव के कारण पहले ही गंभीर खतरे में हैं इसलिए लगभग सभी पहाड़ी नगरों के लोगों को अत्यधिक सतर्कता की जरूरत है।भूस्खलन का खतरा दैवी आपदाओं से संबंधित विनाशकारी खतरों में अग्रणी गिना जाता है। भूस्खलन भारत के पर्वतीय क्षेत्र के बड़े हिस्से में सामान्य गतिविधियों में व्यवधान से लेकर बड़े पैमाने पर जान-माल की हानि और विनाश के कारण जीवन और आजीविका के लिए खतरा पैदा करते हैं। हिमालय और भारत के अन्य पहाड़ी क्षेत्र भूस्खलन गतिविधियों से हर साल बड़े पैमाने पर प्रभावित होते हैं। अतीत में कट्रोपी-2017 (हिमाचल प्रदेश), लपटप प्रदेश), पंपारे-2017 (अरुणाचल प्रदेश), मिरिक-2015 (पश्चिम बंगाल), मालिन-2014 (पुणे), दसलगांव-2007 (महाराष्ट्र), वरुणावत पर्वत-2003 (उत्तराखंड), अंबूरी-2001 (केरल), मालपा भूस्खलन-1998 (उत्तराखंड) आदि घटनाओं के कारण जनधन धन की बहुत अधिक हानि हुई है। पहाड़ी क्षेत्रों के लिए भूकम्प के बाद भूस्खलन सबसे बड़ी त्रासदी है। भूकम्प तो कभी-कभी ही आते हैं। लेकिन भूस्खलन की मुसीबत हर साल की है। एक अनुमान के अनुसार भारत में लगभग 42 हजार वर्ग किमी या 12.6 प्रतिशत भूमि भूस्खलन की जद में है। इसमें से 18 हजार वर्ग किमी दार्जिलिंग और सिक्किम हिमालय सहित उत्तर पूर्व हिमालय में पड़ता है और 14 हजार वर्ग किमी प्रभावित क्षेत्र उत्तर पश्चिम हिमालय (उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर) में पड़ता है। पश्चिमी घाटों और कोंकण पहाड़ियों (तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, गोवा और महाराष्ट्र) में 9 हजार वर्ग किमी और 1 हजार वर्ग किमी भूस्खलन का स्थानिक वितरण शेल-सैंडस्टोन-मेटासेडिमेंट्स द्वारा नियंत्रित होता है,जो विच्छेदित पहाड़ियों और घाटियों को उत्पन्न करता है। उत्तराखण्ड जैसे हिमालयी राज्य में हर साल भूस्खलन से भारी धन-जन की हानि होती है। इस पहाड़ी राज्य में औसतन सौ लोग हर साल इस आपदा में जानें गंवा बैठते हैं। कुछ लोग मकान तो कुछ खेती बाड़ी से हाथ धो बैठते हैं। भूस्खलन से बड़े पैमाने पर पर्यावरणीय क्षति होती है जैसे कि मिट्टी के कटाव के कारण तलछट के निर्वहन में वृद्धि और हर साल मानव जीवन का नुकसान।हिमालय में भूस्खलन विभिन्न भूगर्भीय कारणों से हो सकता है, जिनमें टेक्टोनिक गतिविधि एक कारण है। विदित है कि हिमालय उत्तर की ओर यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेट्स से टकरा रहा है। इस विवर्तनिक गतिविधि के परिणामस्वरूप क्षेत्र में कई भ्रंश, मोड़ और जोर बनते हैं। इन भूगर्भीय संरचनाओं के साथ जमा भूगर्भीय ऊर्जा के अचानक बाहर निकलने से भूकंप और भूस्खलन हो सकता है। ऐसी हलचलें मुख्य केन्द्रीय भ्रंश (एमसीटी) के आसपास ज्यादा अनुभव की गई हैं। हिमालय की विशेषता बेहद खड़ी ढलानों की है, जो भूस्खलन के लिए काफी संवेदनशील होती हैं। हिमालय के गर्भ में नाजुक चट्टानें हैं। जैसे शेल और मिट्टी, जो आसानी से प्रभावित और नष्ट हो जाती हैं। भारी वर्षा के साथ मिलकर, कमजोर या लूज मिट्टी वाली ढलानों पर जमा मलबा तेज वर्षा या वर्षा जल के दरारों में घुसने से नीचे खिसक या लुड़क जाता है। ग्रेनाइट जैसी मजबूत चट्टानों की तुलना में कमजोर चट्टानें, जैसे कि शेल और सिल्टस्टोन, भूस्खलन के लिए अधिक संवेदनशील माने जाते हैं। बेडिंग प्लेन और ज्वाइंट सेट जैसे भूगर्भीय असंतुलन भी भूस्खलन की संवेदनशीलता को बढ़ाते हैं।चूंकि हिमालय समुद्र से चले मानसून को रोकता है, इसलिए मानसून अपने अंदर की जलराशि को हिमालय पर ही उंडेल देता है।

## बेहतर और कल्याणकारी नीतियां बन सकें, आबादी की संरचना-आंकड़ों की सटीक जानकारी मिल सके

अंतिम बार जनगणना 2011 में हुई थी। भारत ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान भी जनगणना करवाई थी, लेकिन 1981 से हर दस वर्ष में शुरू हुए जनगणना के क्रम को वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के कारण स्थगित करना पड़ा। लेकिन, आश्चर्य की बात यह है कि चार साल बीत जाने के बावजूद हमारे पास अब भी जनगणना कराने के लिए समय नहीं है। हम वर्ष 2024 का आधा पड़ाव?पार कर चुके हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार अपने तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में वापसी कर चुकी है। लेकिन हर दस वर्ष में होने वाली जनगणना को लेकर अब तक कोई बात नहीं की जा रही। अंतिम बार जनगणना 2011 में हुई थी। भारत ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान भी जनगणना करवाई थी, लेकिन 1981 से हर दस वर्ष में शुरू हुए जनगणना के क्रम को वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के कारण स्थगित करना पड़ा। लेकिन, आश्चर्य की बात यह है कि चार साल बीत जाने के बावजूद हमारे पास अब भी जनगणना कराने के लिए समय नहीं है। बांग्लादेश और ब्राजील ने अपनी अंतिम जनगणना 2022 में संपन्न कराई थी। अमेरिका और चीन, तो चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी अपनी जनगणना 2020 में ही करवा चुके हैं।?जनगणना के माध्यम से ग्रामीण स्तर तक देश के लोगों की संख्या और जनसांख्यिकीय व सामाजिक-आर्थिक विशेषताओं की जानकारियां बड़े स्तर पर जुटाई जाती हैं। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ माइग्रेशन ऐंड डेवलपमेंट, केरल?से संबंधित दो प्रतिष्ठित जनसांख्यिकीविद एस. इरुदया राजन और यूएस मिश्रा ने हाल ही में टिप्पणी की, कि दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश भारत में जनसंख्या की गणना वास्तविक नहीं है। दरअसल, भारत की जनसंख्या के ज्यादातर अनुमान दशकों पुराने आंकड़ों पर आधारित हैं। भारत जब तक अपनी समुचित जनगणना नहीं करा लेता, तब तक हमारे पास सिर्फ अनुमान ही होंगे। जनगणना में देरी के पीछे जो भी कारण हों, लेकिन जनगणना के आंकड़ों की कमी एक गंभीर मसला है। यह न केवल शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं के लिए नुकसानदेह है, बल्कि जनगणना के आंकड़ों में देरी की वजह से कल्याणकारी कार्यक्रमों का क्रियान्वयन भी प्रभावित होता है। जैसा राजन और मिश्रा भी इंगित करते हैं कि 'सटीक जनसंख्या और जनसांख्यिकीय संरचना को जानना महत्वपूर्ण है, ताकि हम बेहतर नीतियों का मसौदा तैयार कर सकें।' राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) 2013 के अंतर्गत?देश के करीब 81.35 करोड़ लोगों को 31 दिसंबर, 2028 तक मुफ्त राशन दिया जाएगा। यह राशन 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार दिया जा रहा है। सरकार?के?2019 के बयान के आधार पर देश की 67 फीसदी आबादी यानी 80 करोड़?लोग सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के हकदार हैं। स्वतंत्र शोधकर्ताओं का अनुमान है कि मौजूदा समय में करीब 92 करोड़ लोग इस दायरे में आने चाहिए। अद्यतन जनसांख्यिकी आंकड़े मिलने पर एनएफएसए को लाभ मिलेगा। यह बात उन अज्ञात लाभार्थियों पर भी लागू होती है, जो राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत वृद्धावस्था पेंशन के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता से वंचित हैं। जनगणना के नवीनतम आंकड़े नहीं होने की कई चुनौतियां हैं। एक शोधकर्ता का कहना है कि यदि हमें बच्चों का टीकाकरण करना है, आंगनवाड़ी कहां खोलनी है या पीडीएस में कितने परिवारों को शामिल करना है, तो इसके लिए जनगणना की जरूरत है। यही जनसंख्या के आंकड़ों का एकमात्र स्वतंत्र स्रोत है, जिससे प्रशासन और गांव स्तर तक आबादी की विशेषताओं, जैसे-आयु, लिंग, परिवार का आकार आदि की जानकारी मिलती है। कई शोधकर्ताओं ने इस ओर ध्यान दिया है कि प्रशासनिक आंकड़े इस बात पर निर्भर करते हैं कि सरकारी तंत्र किन लोगों तक पहुंच पाया। ऐसे में, पक्षपात की आशंका बनी रहती है। यह तथ्य जननीति के लिए स्वतंत्र और पूर्ण जनगणना की मांग को स्पष्ट करता है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं कि सरकार और उसकी विभिन्न एजेंसियों ने हाल के वर्षों में कोई देशव्यापी सर्वे नहीं किया है। इनमें 2022-23का वार्षिक?आवधिक?श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस), घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस/एमपीसीई), 2020 की नागरिक पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) के तहत जन्म और मृत्यु के पंजीकरण का वार्षिक सर्वेक्षण और राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2019-21 का एनएफएचएस-5) किए गए हैं। लेकिन जनगणना के नवीनतम आंकड़ों के बिना यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि किसको सबसे ज्यादा मदद की जरूरत है। उम्मीद है कि नई गठबंधन सरकार इस ओर ध्यान देगी।



## इस साल बाजार से ज्यादा फायदा दे सकता है सोना

चालू वर्ष की पहली छमाही यानी जनवरी-जून के बीच सोने ने 13.37 फीसदी रिटर्न दिया है। यह निफ्टी-50 शेयरों की तुलना में ज्यादा है, जिन्होंने 10.50 फीसदा का फायदा दिया है। सोने और सोने और चांदी ने इस साल जबरदस्त तेजी हासिल की है। (ईटीएफ) में निवेश का रुझान भी बढ़ा है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक, जून में लगातार दूसरे माह गोल्ड ईटीएफ में निवेश आया है, जो करीब 1.4 अरब डॉलर का रहा है। गोल्ड में यह तेजी ऐसे दौर में देखने को मिल रही है, जबकि दुनिया के अधिकांश देशों की वृद्धि



दोनों बहुमूल्य धातुओं ने कई बार नए रिकॉर्ड बनाए?हैं।?रुपये के आधार पर एमसीएक्स गोल्ड कांट्रैक्ट ने हर 10 ग्राम पर 8,400 रुपये का फायदा दिया है। सेंसेक्स ने इसी दौरान 2,279 अंकों की बढ़त हासिल की है। वैसे दोनों के निवेश में फायदा और घाटा संभव है, लेकिन सोना कई कारणों से जोखिम से सुरक्षा प्रदान करता है। साथ ही, महंगाई के दौर में भी यह प्रदर्शन करता है। हालांकि, निवेश के दोनों साधनों ने लंबे समय में अच्छा फायदा निवेशकों को दिया है।?विश्लेषकों का मानना है कि ब्याज दरें इस साल नहीं घटती है तो सोने का रिटर्न 15 फीसदी के ऊपर जा सकता है, जबकि बाजार का मुनाफा इससे कम रहने का अनुमान है। हाल में सोने की कीमतों में तेजी के कई प्रमुख कारण हैं। इसमें मुख्य रूप से दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने सोने की खरीदारी बढ़ाई है।वैश्विक स्तर पर गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स दर में कमजोरी का माहौल है। घरेलू-वैश्विक बाजारों में आगे बढ़ेंगे दाम सोने की कीमतें फिलहाल घरेलू और ग्लोबल, दोनों बाजारों में रिकॉर्ड हाई के करीब चल रही हैं। कई देशों के बीच तनाव सोने में निवेश तेजी से बढ़ा है। आगे खासकर अमेरिका और चीन के बीच आपसी तनाव बने रहने के आसार हैं। इस्राइल का फिलिस्तीन पर हमला हो या यूक्रेन और रूस की जंग, उनके भी बहुत जल्द थमने के संकेत नहीं हैं। ब्याज दरें घटने पर कम हो सकता है मुनाफा आगे कई देशों के केंद्रीय बैंक महंगाई कम होने पर ब्याज दरों में कटौती कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो सोने की कीमतें भी घट सकती हैं। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की अगली बैठक 31 जुलाई को होनी है। पिछले हफ्ते अमेरिका के मैक्रो इकनॉमिक डाटा में खराब आर्थिक प्रदर्शन के संकेत मिलने से इन उम्मीदों को ताकत मिली है।


## वेतन टैक्स योग्य सीमा से कम होने पर भी भरें रिटर्न, मिलते हैं कई लाभ 31 जुलाई अंतिम तिथि

शून्य आईटीआर वे लोग भरते हैं, जिनकी सालाना कमाई सभी कटौतियों और छूटों के बाद कर योग्य सीमा से कम हो या जिन पर कोई टैक्स देनदारी नहीं है। 60 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों के लिए पुरानी कर व्यवस्था में छूट सीमा 2.5 लाख और नई व्यवस्था के तहत 3 लाख रुपये है। आकलन वर्ष 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। अगर आप वेतनभोगी हैं और कमाई कर के दायरे में आती है तो आपके लिए आईटीआर भरना अनिवार्य है। आयकर रिटर्न उन वेतनभोगियों को भी जरूर भरना चाहिए, जिनकी आय कर योग्य सीमा से कम है। ऐसे व्यक्ति अपना रिटर्न शून्य (नील) आईटीआर के रूप में दाखिल कर सकते हैं। इसके कई लाभ मिलते हैं। शून्य आईटीआर वे लोग भरते हैं, जिनकी सालाना कमाई सभी कटौतियों और छूटों के बाद कर योग्य सीमा से कम हो या जिन पर कोई टैक्स देनदारी नहीं है। 60 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों के लिए पुरानी कर व्यवस्था में छूट सीमा 2.5 लाख और नई व्यवस्था के तहत 3 लाख रुपये है।अगर आप विदेश यात्रा करना चाहते है, तो वीजा देने से पहले दूतावास आपकी वित्तीय स्थिति जानने के लिए पिछले तीन वर्षों का आईटीआर मांगते हैं।

## नेपाल की सियासतः बेमेल गठबंधन के सामने होंगी पहाड़ सी चुनौतियां, 13 साल के लोकतंत्र में 16 बार बदली है सरकार

नेपाल में 13 साल से लोकतांत्रिक शासन पद्धति है। गठबंधन की सियासत और देश की राजनीतिक अस्थिरता के कारण अब तक 16 बार सरकारें बदल चुकी हैं। ओली एवं देउबा की नई गठबंधन सरकार को भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा और यही चुनौतियां उनकी सफलता के लिए महत्वपूर्ण होंगी, अन्यथा इसका नतीजा मध्यावधि चुनाव के रूप में सामने आ सकता है। ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखें, तो साधनों, नैतिकता और





मूल्यों का पूरी तरह से अनादर कर अंत तक अड़े रहने के मैकियावैली सिद्धांत के अनुपालन की राजनेताओं की प्रवृत्ति नेपाल के निवर्तमान प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के मामले में सटीकता से दिखती है, जो नेपाली संसद में विश्वासमत हासिल करने के दौरान अपमानजनक ढंग से हारकर अपना पद गंवा बैठे हैं। प्रचंड को मात्र 63 वोट ही मिले, जबकि उनके खिलाफ नेपाली कांग्रेस और नेपाल (यूएमएल) के नए गठबंधन को कुल 194 वोट मिले। नए गठबंधन को राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी एवं जनता समाजवादी पार्टी जैसे छोटे दलों का भी समर्थन मिला। 275 सीटों वाले सदन में बहुमत के लिए मात्र 138 सीटें चाहिए। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के समक्ष ओली ने सरकार बनाने का दावा पेश किया है। इस बीच अच्छी बात यह है कि सीपीएन-यूएमएल के विदेश मामलों के प्रमुख और स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य डॉ. राजन भट्टाराई ने जोर देते हुए कहा कि उनकी पार्टी का मानना है कि नेपाल की प्रगति या नेपाली नागरिकों का कल्याण केवल भारत समर्थक रुख अपनाकर ही हासिल किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ओली नेपाल-भारत संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के इच्छुक हैं, ताकि आधुनिक युग की जरूरतों के साथ तालमेल बिठाया जा सके। नेपाल में लोकतंत्र की नाजुक स्थिति के कारण निरंतर अस्थिरता सरकार की पहचान रही है, जो तेरह वर्षों के लोकतंत्र में 16 बार सत्ता परिवर्तन से स्पष्ट है, जिससे देश के आम लोगों के हितों पर तो प्रतिकूल प्रभाव पड़ा ही है, देश आर्थिक संकट और ऋण देनदारियों, विशेष रूप से चीनी कर्ज के जाल में फंस गया है। नई सरकार का डेढ़ साल तक नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री और कट्टर कम्युनिस्ट नेता ओली करेंगे, जिसके बाद समझौते के अनुसार, शेष कार्यकाल के लिए देउबा प्रधानमंत्री का पद संभालेंगे। ओली एवं देउबा की नई गठबंधन सरकार को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा और यही चुनौतियां उनकी सफलता के लिए महत्वपूर्ण होंगी, अन्यथा इसका नतीजा मध्यावधि चुनाव के रूप में सामने आ सकता है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि कम्युनिस्टों (चीन समर्थक) और नेपाली कांग्रेस (भारत समर्थक) की विरोधी विचारधाराओं वाली नई सरकार को एकजुट रखना एक बड़ी चुनौती हो सकती है। दूसरी बात, ओली और देउबा गठबंधन के समक्ष दो क्षेत्रीय शक्तियों यानी भारत और चीन से समान दूरी बनाए रखने की बाध्यता होगी, जिनके नेपाल के मामलों में भू-राजनीतिक और सामरिक हित जुड़े हैं। तीसरी बात, इससे पहले प्रधानमंत्री रहते हुए ओली ने भारत विरोधी कार्रवाइयों को बढ़ावा दिया था। उन्होंने एक नया नक्शा बनवाया था, जिसमें लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी सहित भारतीय क्षेत्रों को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया था। इससे भारत नाराज हो गया और नक्शे को खारिज करते हुए उसे संबंधों को खराब करने का प्रयास बताया था। अब, गठबंधन में प्रमुख भागीदार के रूप में देउबा की जिम्मेदारी होगी कि वह ओली को भारत विरोधी मानसिकता से निकलने के लिए मनाएं और दोनों देशों के सदियों पुराने संबंधों की रक्षा करें। चौथी बात, प्रचंड के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट सरकार ने हमेशा चीन के प्रति प्रतिबद्धता के संकेत दिए हैं। चीन नई सरकार से भी बेल्ट ऐंड रोड (बीआरआई) पहल पर आगे बढ़ने की उम्मीद करेगा, क्योंकि प्रचंड ने 12 मई, 2017 को दोनों देशों के बीच हुए हस्ताक्षरित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब ओली सरकार को भारत की तरफ से किसी भी अड़चन से बचने के लिए इसे स्थगित रखने के लिए तार्किक कदम उठाना होगा। प्रचंड ने सितंबर, 2023 में बीजिंग की अपनी यात्रा के दौरान बीआरआई को गति देने के लिए नेपाल की प्रतिबद्धता दोहराई थी। अब ओली के लिए बीआरआई के संकल्प पर टिके रहना मुश्किल होगा, क्योंकि नेपाली कांग्रेस पूरी तरह से इसके खिलाफ है, इसलिए इस मामले में प्रगति की संभावना दूर की कौड़ी लगती है। पांचवीं बात, भारत की अग्निपथ योजना से निपटना नई सरकार के लिए चुनौती होगी, जो अब तक की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। भारत ने 15 जून, 2022 को अग्निपथ योजना शुरू की थी, जिसे नेपाल में भी लागू किया गया था, लेकिन कुछ आपत्तियों की वजह से अब भी नेपाल ने कोई फैसला नहीं लिया है। जबकि फील्ड रिपोर्ट बताती है कि नेपाल में ऐसे बेरोजगार युवा हैं, जो अग्निवीर के रूप में भारतीय सेना में शामिल होने के इच्छुक हो सकते हैं, लेकिन पिछली दो सरकारों ने इसमें देरी की और तीसरी सरकार भी शायद उससे अलग नहीं होगी। छठी बात, भारत के साथ नेपाल का सीमा विवाद है, जिसके समाधान के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की जरूरत है। नई सरकार एक नई रणनीति अपना सकती है, जिसमें भारतीय समकक्षों के साथ उच्चस्तरीय द्विपक्षीय वार्ता करने और सीमा विवाद को सौहार्द्रपूर्ण ढंग से सुलझाना शामिल है। तकनीकी और कूटनीतिक माध्यमों से सीमा विवाद के समाधान में तेजी लाने के लिए नेपाल-भारत संयुक्त सीमा आयोग को मजबूत करने से अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। अवैध गतिविधियों और अनधिकृत घुसपैठ को रोकने के लिए विवादित सीमा क्षेत्रों में सुरक्षा और निगरानी बढ़ाना, दोनों देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकता है। सातवीं बात, चीन ने पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश आदि की तरह नेपाल को भी अपनी 'ऋण नीति' में फंसा कर नेपाल को भारी कर्ज दिया है, जिसे चुकाने में सदियां लग सकती हैं। अंत में, विवादित क्षेत्रों में पहुंच बढ़ाने और उपस्थिति का दावा करने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के निर्माण और सुधार के लिए एक कार्य योजना तैयार की जानी चाहिए। इन रणनीतियों को अपनाकर नेपाल की नई सरकार अग्निपथ योजना से उत्पन्न चुनौतियों और भारत के साथ चल रहे सीमा विवादों का संतुलित और प्रभावी तरीके से समाधान कर सकती है। लेकिन नए गठबंधन का अस्तित्व पूरी तरह से साझेदारों के आपसी विश्वास और संतुलित कूटनीतिक रणनीति के कार्यान्वयन तथा दो क्षेत्रीय दिग्गजों को नाराज करने से बचने पर निर्भर करेगा, जिसका अतीत में अभाव रहा है।

## विवाह पर अनंत खर्चा अब सही प्रबंधन जरूरी कौन क्या खर्च करेगा, पहले से तय करें

भारतीय परिवार बच्चों के विवाह कार्यक्रमों पर भारी-भरकम यानी 'अनंत' खर्च करते हैं। वे कर्ज लेने में भी संकोच नहीं करते हैं। ऐसा कई प्री-वेडिंग और सगाई कार्यक्रमों के बाद 12 जुलाई को खत्म हो गई। भारतीय शादियों पर इतना (अनंत) खर्च करते हैं कि कई बार



करना सामान्य बात है, लेकिन शादी के बाद बच्चों से खर्चों पर बात नहीं करना असामान्य है। दूल्हा-दुल्हन को भी चाहिए कि वे इन खर्चों पर चर्चा करें और पैसों के सही प्रबंधन पर ध्यान दें। जब भी कभी भारतीय परिवारों में होने वाले खर्चों की बात आती है, तो घर खरीदने के बाद सबसे बड़ा खर्च बच्चों की शादी पर होता है। दुनिया की सबसे चर्चित शादी पिछले सात महीनों से सुखियों में है और अगर आंकड़ों पर गौर करें तो मुकेश अंबानी ने अपने बेटे अनंत की शादी पर करीब 5,000 करोड़ खर्च किया। यह सबसे महंगी रस्म अदायगी वे इसके लिए कर्ज लेने में भी संकोच नहीं करते हैं। अनंत अंबानी के शादी समारोह में सामूहिक विवाह कार्यक्रम भी शामिल था, इसलिए शादियों पर होने वाला खर्च कोई असामान्य बात नहीं मानी जाती है। शादी के साथ कई जिम्मेदारियां आती हैं और कपल के पैसे का खर्च एक ऐसी चीज है, जिसके लिए सभी को तैयार रहना पड़ता है। एक ओर तो हम कुंडली मिलान कर मैच मेकिंग पर बहुत ध्यान देते है। दोनों की पारिवारिक पृष्ठभूमि की जांच करते हैं। आयोजन स्थल और आमंत्रित मेहमानों के लिए खाने-पीने का पूरा ख्याल करते हैं, लेकिन हम जिस चीज पर गंभीरता से ध्यान नहीं देते हैं, वह है...शादी के बाद पैसे के प्रबंधन को लेकर दूल्हे और दुल्हन का नजरिया।चर्चा में जीवनसाथी से बरतें ईमानदारी हमारी वित्तीय आदतें वैवाहिक जीवन में बड़ा रोल अदा करती हैं। पैसा कपल के लिए सबसे कठिन विषयों में से एक हो सकता है। लेकिन, चाहे कितना भी असहज क्यों न लगे, शादी और पैसे के बारे में याद रखने वाले दो सबसे महत्वपूर्ण शब्द हैं...कभी झूठ न बोलें। जिस तरह ईमानदारी किसी भी रिश्ते की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है, वित्तीय चर्चा में भी इसकी उतनी ही भूमिका है।?इसलिए, जीवनसाथी से वित्तीय मामलों में भी ईमानदारी बरतें। पैसों के प्रबंधन के तीन मुख्य तरीके विवाहित जोड़े अपने पैसे का प्रबंधन तीन मुख्य तरीकों से कर सकते हैं। अलग-अलग, संयुक्त रूप से या अलग और संयुक्त खातों के कॉम्बिनेशन के साथ। दंपती की स्थिति के आधार पर देखें तो कामकाजी दंपती या उनमें से कोई एक वर्किंग हो तो खातों का कॉम्बिनेशन उनके काम और पर्सनल फाइनेंस से जुड़े मामलों को संभालने के लिए अच्छी तरह से काम करता है। यह दोहरी आय की शक्ति या किसी के पास जो कुछ भी है, उसे मैनेज करने की सच्चाई को जानने के लिए वित्तीय अनुशासन भी लाता है। कौन क्या खर्च करेगा, पहले से तय करें कौन क्या खर्च करेगा, इस पर पहले से ही नियम निर्धारित कर लें। इससे न सिर्फ जिम्मेदारियां बंट जाती होती हैं, बल्कि यह भी स्पष्ट होता है कि किन घरेलू खर्चों का कौन कितना भुगतान कर रहा है। माता-पिता के साथ रहने के दौरान पिछले अनुभवों के विपरीत, संभवतः आपके पास ऐसा कोई व्यक्ति नहीं होगा, जिस पर आप पैसों के मामलों में भरोसा कर सकें। इसके अलावा, नवविवाहित जोड़े अक्सर शुरुआती खर्चों को अनदेखा कर देते हैं। कई?बार तो वे ऐसा तब तक करते हैं, जब तक कोई वित्तीय संकट न आ जाए। निर्धारित करें वित्तीय लक्ष्य शादी के तुरंत बाद अगर संभव हो तो पहले ही पैसे से संबंधित चिंताओं, मौजूदा संपत्तियों और देनदारियों पर चर्चा करें ताकि दोनों मिलकर कोई वित्तीय लक्ष्य निर्धारित कर सकें और भविष्य के लिए उन पर काम कर सकें। पैसों के मामले में स्पष्टता सबसे महत्वपूर्ण है। घर के खर्चों में बच्चों से लें योगदान शादी के बाद बच्चे अगर साथ रहते हैं तो माता-पिता को चाहिए कि उन्हें घर में योगदान करने के लिए?कहें। जब आपको निकट भविष्य में सेवानिवृत्ति के बाद खुद के खर्चों के लिए?पैसे की जरूरत है, तो सभी के लिए देने वाले की भूमिका न निभाएं। बच्चों के साथ विवाह पर होने वाले खर्चों पर चर्चा करने की भी अच्छी आदत बनाएं। बच्चे अक्सर मानते हैं कि वे अपनी शादी पर बहुत ज्यादा खर्च करने की इच्छा रखते हैं।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## बॉक्स ऑफिस पर फिर गरजी 'कल्कि', तीसरे रविवार को भी किया तूफानी बिजनेस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 'कल्कि 2898 ने अपने 18वें दिन भी बॉक्स ऑफिस पर अपना धमाकेदार सफर जारी रखा। फिल्म पहले ही 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी थी। वहीं, अब 600 करोड़ क्लब के करीब आकर खड़ी हो गई है। आने वाले कुछ दिनों में 'कल्कि 2898 ये माइल स्टोन भी हासिल कर लेगी। कल्कि 2898 ने थिएटर्स में रिलीज के 18 दिन पूरे कर लिए है। फिल्म का कलेक्शन अब तक शानदार रहा है। पिछले दो वीकेंड की तरह इस बार भी फिल्म ने कमाई करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। हालांकि, तीसरे वीकेंड पर बिजनेस में थोड़ी गिरावट देखने को मिली।प्रभास की इस साइंस फिक्शन फिल्म को पहले ही दिन से दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। 'कल्कि 2898"3' को देखने के लिए सिनेमाघरों में भारी भीड़ उमड़ रही है। इस फिल्म में न केवल



स्पेशल इफेक्ट्स और विजुअल्स का शानदार इस्तेमाल किया गया है, बल्कि इसकी कहानी भी दर्शकों को बांधे रखने में सफल रही है। यही वजह थी कि फिल्म ने पहले हफ्ते में ही 414.85 करोड़ की कमाई कर ली थी। वहीं, दूसरे हफ्ते में कलेक्शन 128.5 करोड़ रहा। कल्कि 2898 के तीसरे हफ्ते के बिजनेस रिपोर्ट की ओर बढ़े तो, सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने शुक्रवार को 6 करोड़ कमाए। वहीं, शनिवार को कमाई 14.35 करोड़ रही। रविवार को कलेक्शन में थोड़ी उछाल आई। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने 14 जुलाई को 16.25 करोड़ के करीब बिजनेस किया। इसके साथ ही रिलीज के 18 दिनों में 'कल्कि 2898 ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 579.95 करोड़ का नेट कलेक्शन कर लिया है। अब फिल्म का अगला मुकाम 600 करोड़ है। कल्कि 2898 ने न केवल भारत में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी शानदार बिजनेस किया है। फिल्म ने ओवरसीज बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी खासी कमाई करते हुए 1000 करोड़ का जादुई आंकड़ा पार कर लिया है। ट्रेड एनालिस्ट का मानना है कि 'कल्कि 2898' की कमाई में आने वाले दिनों में भी इजाफा हो सकता है। साउथ की ये फिल्म भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक नई मिसाल कायम कर रही है।

## 'अच्छा गाना खराब कर दिया' बैड न्यूज का तीसरा सॉन्ग 'मेरे महबूब मेरे सनम' हुआ रिलीज, फैंस को नहीं आया पसंद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**रोमांस-कॉमेडी ड्रामा फिल्म बैड न्यूज को रिलीज होने में अब बस कुछ ही दिन बाकी हैं। इस मूवी में विक्की कौशल तृप्ति डिमरी और एमी विर्क तीनों है। हालांकि, यह गाना रीक्रिएट किया गया है। इसका ओरिजनल सॉन्ग महेश भट्ट की डायरेक्ट की गई फिल्म 'डुप्लीकेट' में था, जिसमें शाह रुख खान, सोनाली बेंद्रे और जूही चावला अहम किरदार में थे।



साथ दिखाई देने वाले हैं। फैंस भी इन तीनों की जोड़ी को स्क्रीन पर एक साथ देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। ऐसे में फैंस की ये एक्साइटमेंट बनी रहे इसके लिए मेकर्स भी अलग-अलग तरह की कोशिश कर रहे हैं। अभी तक इस मूवी के दो गाने 'तौबा तौबा' और 'जानम' रिलीज किए जा चुके हैं, जिन्हें लोगों ने काफी पसंद किया। अब इसका तीसरा गाना 'मेरे महबूब मेरे सनम' आउट हो गया है। हालांकि, ये गाना फैंस को कुछ खास पसंद नहीं आया है।आनंद तिवारी के निर्देशन में बनी फिल्म 'बैड न्यूज' का तीसरा गाना 'मेरे महबूब मेरे सनम' 14 जुलाई को रिलीज कर दिया गया एक तरफ जहां इसके पहले दो गाने हिट हुए। वहीं, अब तीसरे गाने पर लोगों ने अपना गुस्सा जाहिर किया है। दरअसल, दर्शकों को यह रीक्रिएट किया हुआ गाना कुछ खास पसंद नहीं आया है। एक यूजर ने लिखा कि इस गाने की कल्पना शाह रुख खान, जूही और सोनाली के बिना नहीं की जा सकती, माफ कीजिए। दूसरे ने लिखा कि अच्छा गाना खराब कर दिया। इसके अलावा कुछ लोगों ने इसे पसंद भी किया है। बता दें कि फिल्म बैड न्यूज आने वाली 19 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

## रामचरितमानस के दोहे और चौपाई से सजा ग्रैंड वेन्यू, रिसेप्शन में आये खेसारी लाल यादव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** प्री-वेडिंग और शादी के सारे कार्यक्रम इसी वेन्यू पर हुए और सारी तैयारियां भी अलग ढंग अलावा रिसेप्शन में इन्फ्लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया और यजुवेंद्र



जशन्के बाद अब धूम अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के पोस्ट वेडिंग सेलिब्रेशन की है। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट शादी के बाद आज अपना वेडिंग रिसेप्शन एन्जॉय कर रहे हैं। मुंबई के वर्ल्ड जियो सेंटर में सारी तैयारियां हो गई हैं और मेहमानों का ताता लगना भी शुरू हो गया है। इस बीच हमारी नजर वेन्यू पर गई, जो सबसे हटकर है। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के शादी के सभी फंक्शन मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के मुंबई स्थित वर्ल्ड जियो सेंटर में आयोजित हुए। संगीत से लेकर हल्दी, मेहंदी, शादी और शुभ आशीर्वाद समेत से की गई। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के वेडिंग रिसेप्शन के वेन्यू को अनोखे अंदाज में सजाया गया है। फूलों और तोते की आकृति वाले सजावट के साथ फोटो खिंचवाने वाले स्थान को तुलसीदास के रामचरितमानस के श्लोकों और छंदों के साथ पांच बड़े स्क्रॉल दृश्य से और भी आकर्षित बना दिया गया। इस तरह अंबानी परिवार का मंगल उत्सव में चार-चांद लगा गया। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के वेडिंग रिसेप्शन सेलिब्रेशन में भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव भी आये। उन्होंने ऑफ-व्हाइट शेरवानी में एंट्री की। इसके चहल की पतनी धनश्री भी आई हैं। रिसेप्शन पार्टी में ब्रिटिश ऑथर जय शेट्टी और उनकी पतनी राधी देवलुकिया शेट्टी ने भी शिरकत की है। राधी खुद भी यूट्यूबर हैं। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट 12 जुलाई को शादी के बंधन में बंधे। शनिवार को कपल के लिए शुभ आशीर्वाद फंक्शन आयोजित किया गया था, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए थे। इस फंक्शन में साउथ से लेकर बॉलीवुड से जुड़ी कई बड़ी हस्तियां और देश-दुनिया के हाई-प्रोफाइल लोग शामिल हुए थे।

## वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट ने आते ही कटारिया से निकाली दुश्मनी गरमाने वाला है बिग बॉस का माहौल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**विवादित रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 शुरू होने के बाद से ही चर्चा में बना हुआ है। लड़ाई-झगड़े के बीच विशाल पांडे और लव कटारिया के बीच भाईचारा भी दिखने को मिल रहा है। मगर लगता है कि उनका ये तड़का लगाएंगे और उनके निशाने पर आएंगी शिवानी कुमारी। रवि किशन शिवानी कुमारी की क्लास लगाएंगे। इसके अलावा विशाल पांडे के माता-पिता भी शो में आने वाले हैं। इस बीच शो में पहला वाइल्ड कार्ड भी आएगा, जो अपने बयानों से घर में कोहराम मचाने वाला हैँ।ु इस पर उन्होंने खुद को विनर बताया। जब होस्ट ने उनसे पूछा कि उनकी दुश्मनी घर में किससे है तो उन्होंने कटारिया (लवकेश) को अपना दुश्मन बताया। वाइल्ड कार्ड ने कहा, ठजो भाईचारा दिखाने की कोशिश कर रहा है, वो बहुत ज्यादा फेक है। जो



भाईचारा अब ज्यादा समय तक नहीं चलने वाला है, क्योंकि बिग बॉस के घर में एक वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट आ रहा है, जो उनके भाईचारा पर भारी पड़ेगा। काफी समय से चर्चा हो रही थी कि बिग बॉस ओटीटी 3 के घर में एक वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट की एंट्री होने जा रही है। अब आखिरकार नये प्रोमो में इस बात पर मुहर भी लग गई। रविवार को वीकेंड का वार में अनिल कपूर सीजन के पहले वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट का स्वागत करेंगे, जो आते ही कटारिया पर बम फोड़ते दिखाई देंगे। रविवार को बिग बॉस ओटीटी 3 का वीकेंड का वार होगा, जिसमें रवि किशन भी एंटरटेनमेंट का ँदे ध्ऊऊ 3 के घर का माहौल बिगड़ने वाला है। अनिल कपूर के विवादित शो में एक वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट की एंट्री होने वाली है जो विशाल पांडे और लव कटारिया का भाईचारा खत्म कर देगा और अपना गेम चलाएगा। वीकेंड का वार में अनिल कपूर नये कंटेस्टेंट का स्वागत करेंगे। शो का नया प्रोमो भी सामने आ गया है। बिग बॉस के लेटेस्ट प्रोमो में अनिल कपूर ने वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट का स्वागत किया। होस्ट ने इशारा देते हुए बताया कि कंटेस्टेंट के 11 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। इसके बाद अनिल कपूर वाइल्ड कार्ड से पूछते हैं कि क्या हिस्ट्री रिपीट होगी। स्टेटमेंट मैंने दिया था, किसी का मैनेजर बोला था।ठ पूछने पर उन्होंने एल्विश का नाम लिया। उन्होंने कहा कि विशाल को यही बोलूंगा कि भाईचारा कुछ भी नहीं है। भाई ने तुझे चारा बना दिया। कौन है बिग बॉस का वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट प्रोमो में भले ही वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट का चेहरा नहीं दिखाया गया है, लेकिन हम आपको बता दें कि यह कंटेस्टेंट कोई और नहीं बल्कि सोशल मीडिया स्टार अदनान शेख हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें 11.3 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। सोशल मीडिया पर उनके रील्स काफी वायरल होते हैं।

## बिग बॉस ओटीटी 3 में आते ही रवि किशन ने लगाई शिवानी कुमारी को फटकार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3 किसी न किसी वजह से सुखियों की क्लास लगाते हुए दिखाई देंगे। शो का एक प्रोमो आया है, जिसमें वह शिवानी कुमारी को जमकर पर कंटेस्टेंट हां में जवाब देती है। इसके तुरंत बाद रवि किशन की एंट्री होती है, जो कहते हैं कि भाषा



में बना रहता है। कभी इसकी वजह घर के अंदर बैठे कंटेस्टेंट होते हैं, तो कभी अनिल कपूर के वीकेंड का वार, जिसमें वह कंटेस्टेंट की क्लास लगाते हुए नजर आते हैं। यह सब दर्शकों को भी काफी पसंद आ रहा है और वह इसे एन्जॉय भी कर रहे हैं। वीकेंड का वार पर इस बार अनिल कपूर के साथ सांसद और अभिनेता रवि किशन मुख्य अतिथि के तौर पर नजर आने वाले हैं। ऐसे में वह भी इस बार घरवालों फटकार लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। शिवानी कुमारी जब से इस रियलिटी शो का हिस्सा बनी हैं, तभी से उनकी भाषा को लेकर सवाल खड़े होते रहे हैं। इसके साथ ही बिग बॉस के घर में अभी तक कई कंटेस्टेंट के साथ उनकी बहस भी हो चुकी है। अब जो प्रोमो जारी हुआ है, उसमें देखा जा सकता है कि अनिल कपूर उनसे पूछते हैं कि क्या आप अपने बर्ताव से गांव की संस्कृति को आगे बढ़ा रही हैं। इस की आड़ में आप किसी को अपमानित तो नहीं कर सकतीं। तुम छेड़ती हो... ये गलत बात है। इसके बाद शिवानी फूट-फूट कर रोने लग जाती हैं और कहती हैं कि हम अपनी मम्मी की कसम खा रहे हैं। हम ऐसे ही बात करते हैं। फिर रवि किशन कहते हैं कि वो सब कुछ जानता हूं, लेकिन शिवानी कोई भी भाषा कोई भी संस्कृति भारत में नहीं सिखाती अपमानित करके अपने आप को आगे बढ़ाना।

## कल्कि 2898 एडी पर ज्यादा पैसे खर्च करने से टेंशन में थे प्रभास सीक्वल को लेकर दिया बड़ा हिंट


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**नाग अश्विन के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म कल्कि 2898 एडी का जलवा बरकरार है। एनिमल और गदर 2 जैसी फिल्मों को धूल चटाने वाली कल्कि ने चंद दिनों के अंदर 1000 करोड़ के पार कमाई कर ली है। साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म बनी कल्कि की सफलता पर प्रभास ने रिएक्शन दिया है। कल्कि 2898 एडी में प्रभास ने भैरव और कर्ण के किरदार निभाये हैं। फिल्म में उनका और बुज्जी (रोबोटिक कार) की जुगलबंदी काफी पसंद की गई। फिल्म में दिखाया गया महाभारत से कनेक्शन भी दर्शकों को भा गया है। यही वजह है कि रिलीज के बाद से ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है और जमकर नोट छाप रही है।अब कल्कि की सफलता पर प्रभास ने खुशी जताई है। वैजयंती फिल्म्स ने एक्स हैंडल पर प्रभास का एक वीडियो शेयर किया है। क्लिप में प्रभास ने कहा, हाय, आप लोग कैसे हैं मेरे फैंस, मुझे इतनी बड़ी हिट देने के लिए आपका शुक्रिया। आपको बहुत सारा धन्यवाद। आपके बिना मैं जीरो हूं।




नाग अश्विन को भी धन्यवाद, जिन्होंने पांच साल कड़ी मेहनत के बाद इतनी बड़ी फिल्म बनाई। प्रभास ने आगे कहा, ठमुझे लगता है कि हमें प्रोड्यूसर्स को भी धन्यवाद करना चाहिए। जिस तरह से उन्होंने खर्च किया, उससे हम सभी टेंशन में थे। मैं उन्हें कहता था कि आप कुछ ज्यादा खर्च कर रहे हैं। वह कहते कि नहीं हम बड़ी हिट देने जा रहे हैं, परेशान मत हो। हम हाइएस्ट क्वालिटी फिल्म देनी चाहिए।

## 'सरफिरा' ने बॉक्स ऑफिस पर लगाई छलांग, संडे को अक्षय कुमार की मूवी ने किया इतना कलेक्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** साल 2024 की शुरुआत में अक्षय कुमार की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां रिलीज हुई थी, लेकिन ये मूवी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास जीआर गोपीनाथ की बायोपिक है, जिसमें लीड रोल निभा रहे हैं। अब इस मूवी के तीसरे दिन के कलेक्शन का पूर्वानुमान भी सामने आ गया है। चलिए जानते हैं इस फिल्म ने



कमाल नहीं दिखा पाई। अब इस फिल्म के बाद हाल ही में उनकी 'सरफिरा' रिलीज हुई है। इस मूवी में अक्षय कुमार के साथ-साथ राधिका मदान, सीमा बिस्वास, परेश रावल और जय उपाध्याय भी मुख्य भूमिका में दिखाई दिए हैं। खिलाड़ी कुमार की यह मूवी बिजनेसमैन संडे को कितना बिजनेस किया है। सुधा कोंगरा के निर्देशन में बनी यह मूवी 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। अपने ओपनिंग डे पर भले ही इस मूवी ने धीमी शुरुआत की हो, लेकिन शनिवार और संडे का फिल्म का अच्छा फायदा मिला है। पहले दिन इस मूवी ने 2.5 करोड़ रुपये से अपना खाता खोला। इसके बाद दूसरे दिन अक्षय की मूवी में उछाल आया और इसने 4.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। अब सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, इस मूवी ने तीसरे दिन यानी संडे को 4.43 करोड़ रुपये (खबर लिखे जाने तक) का बिजनेस कर लिया है। ऐसे में देखा जाए तो सरफिरा के तीसरे दिन का फाइनल कलेक्शन 5 करोड़ से ज्यादा का हो सकता है। अक्षय कुमार और राधिका मदान स्टारर फिल्म सरफिरा को इस समय दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और प्रभास स्टारर फिल्म 'कल्कि' से टक्कर मिल रही है। इसके साथ ही राघव जुयाल की किल भी थिएटर्स में मौजूद है और अक्षय कुमार की फिल्म के साथ ही रिलीज होने वाली कमल हासन की मूवी भी सिनेमाघरों में लगी हुई है। ऐसे में सुधा कोंगरा की यह मूवी का सफर बॉक्स ऑफिस पर बिल्कुल भी आसान नहीं होने वाला है।

### 'खतरों के खिलाड़ा 14 में शुरू हुआ आसिम रियाज और अभिषेक कुमार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रियलिटी शो की दुनिया में 'बिग बॉस' के अलावा अगर किसी और शो को देखने में लोगों की दिलचस्पी रहती है, तो वो है 'खतरों के खिलाड़ी।' 13 सक्सेसफुल सीजन के बाद अब अगले सीजन के लिए फैंस बेकरार हैं। 'खतरों के खिलाड़ी 14' जल्द ही शुरू होने वाला है। इस शो का अनाउंसमेंट प्रोमो रिलीज किया जा चुका है और अब कंटेस्टेंट्स से जुड़े प्रोमो भी सामने आने लगे हैं। 'खतरों के खिलाड़ी 14' के शुरू होने में ज्यादा दिनों का वक्त नहीं बचा है। इस बार के सीजन में बिग बॉस के कई धुरंधर खिलाड़ी नजर आएंगे। 'खतरों के खिलाड़ी 14' में आसिम रियाज अभिषेक कुमार, शिल्पा शिंदे, शालीन भनोट सहित कई खिलाड़ी हैं। इस बार के सीजन में टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा भी होंगी अब तक 'खतरों के खिलाड़ी 14' के जितने भी अपडेट सामने आए हैं, फैंस ने उसे लेकर दिलचस्पी दिखाई है। इस बीच शो का नया प्रोमो सामने आया है।

## 'कल्कि 2898 एडी' के लिए खतरा बनी हिंदुस्तानी 2 100 करोड़ से बस इतनी दूरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** प्रभास और दीपिका पर टक्कर देने के लिए कमल हासन की 'इंडियन-2' रिलीज हो चुकी है। की है।इंडियन 2 की कहानी एक सेनापति की है, जो एक्स फ्रीडम




पादुकोण स्टारर फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' पिछले कुछ समय से बॉक्स ऑफिस की गद्दी पर जमकर बैठी हुई है। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी मूवी साल 2024 की ऐसी फिल्म बन गयी है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई की है। अब इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस एस शंकर के निर्देशन में बनी इंडियन 2 को पैन इंडिया रिलीज किया गया है। हिंदी में कमल हासन की फिल्म 'हिंदुस्तानी-2' के टाइटल के साथ रिलीज हुई। शुक्रवार को सिनेमाघरों में अक्षय कुमार की सरफिरा से टक्कर लेने वाली मूवी ने पहले वीकेंड ही बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई फाइटर है, लेकिन करप्शन से लड़ाई लड़ने के लिए वह विजिलांटे बन जाता है। साल 1996 में इस फिल्म का पहला पार्ट जहां लोगों को काफी अच्छा लगा था, तो वहीं हिंदुस्तानी 2 की कहानी लोगों को बिल्कुल फीकी लग रही है, इसके बावजूद बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म बेहतरीन कमाई कर रही है। सैकनलिक.कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक, पहले ही वीकेंड पर फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर नेट कलेक्शन 58.9 करोड़ का किया है। हिंदी में मूवी ने रविवार को तकरीबन 1.3 करोड़ का कलेक्शन किया, वही तमिल में फिल्म ने 11 करोड़ के आसपास कमाए। इसके अलावा तेलुगु में मूवी ने रविवार को 2.8 करोड़ के आसपास की कमाई की। कमल हासन और काजल अग्रवाल स्टारर 'इंडियन 2' ने पहले वीकेंड पर इंडिया में काफी अच्छा कलेक्शन किया, खास तौर पर तमिल में इसका प्रदर्शन काफी शानदार था। पहले वीकेंड पर तीन दिन में एस शंकर की फिल्म ने हिंदी में 3.8 करोड़, तमिल में 41.2 करोड़ और तेलुगु में 13.9 करोड़ तक का बिजनेस किया है। दुनियाभर में पहले ही वीकेंड पर 'इंडियन 2' का कलेक्शन दुनियाभर में 84 करोड़ तक पहुंच चुका है। अगर वर्ल्डवाइड ये फिल्म इस स्पीड से आगे बढ़ी तो आने वाले समय में प्रभास की कल्कि-2898 एडी के लिए ये एक बड़ा खतरा बन सकती है।




# पेरिस ओलंपिक में दुनिया देखेगी बनारसी हथकरघे का हुनर, पहली बार दिखेगा ये खास नजारा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** पेरिस की सरजमीं पर पहली बार दुनिया बनारसी दस्तकारी का हुनर देखेगी। पेरिस ओलंपिक में लोग बनारसी साड़ी की बुनाई करीब से देखेंगे। इसके लिए बनारस के रामनगर का बुनकर परिवार 22 जुलाई के बाद पेरिस के लिए रवाना होगा। सोचिए क्या नजारा होगा, जब दुनिया भर में मशहूर बनारसी साड़ी को लोग पेरिस में अपनी आंखों के सामने बुनते देखेंगे। विश्व में पहली बार पेरिस ओलंपिक में बनारसी दस्तकारी के हुनर को लोग करीब से देखेंगे। पेरिस की सरजमीं पर बनारसी साड़ी और वस्त्रों की बुनाई होगी। इसके लिए रामनगर के बुनकर परिवार को चुना गया है। 22 जुलाई को परिवार पेरिस के लिए रवाना होगा। अपने साथ हथकरघा लेकर जाएंगे और हथकरघा पर बनारसी साड़ी और वस्त्रों की बुनाई करेंगे। स्वदेश



रिलायंस फाउंडेशन की ओर से पेरिस ओलंपिक में फेयर लग रहा है। उस फेयर में रामनगर के बुनकर निलेश मौर्य नीलू और उनकी बेटी मोनिका मौर्य समेत एक अन्य को आमंत्रित किया गया है। ओलंपिक में फेयर के दौरान हथकरघा पर बनारसी साड़ी की बुनाई करेंगे। दूतावास से वीजा समेत अन्य प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। पिता-पुत्री का एयर टिकट भी हो गया है। 22 जुलाई की शाम पांच बजे वह दिल्ली एयरपोर्ट और फिर उसके बाद सीधी विमान सेवा से पेरिस की सरजमीं पर उतरेंगे।निलेश मौर्य ने बताया कि वह चौथी पीढ़ी के हैं जो बनारसी साड़ी की बुनाई हथकरघा पर करते आ रहे हैं। परदादा, दादा और पिता जगरनाथ मौर्य से यह हुनर विरासत में मिला। बेटी मोनिका पांचवीं पीढ़ी की हैं। वह भी बनारसी हुनर को धार दे रही हैं। जीआई उत्पाद में बनारसी साड़ी शामिल है।

# 55 यात्रियों की क्षमता वाला हाइड्रोजन जलयान पहुंचा काशी, रामनगर बंदरगाह में पूरी होंगी ये प्रक्रियाए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** देश का पहला हाइड्रोजन जलयान काशी पहुंच गया है। दो मंजिला हाइड्रोजन



जलयान के अंदर सजावट, रंगरोगन समेत अन्य प्रक्रियाएं अब काशी में ही पूरी होंगी। इस जलयान में 50-55 यात्रियों की क्षमता है। देश का पहला हाइड्रोजन जलयान रविवार की शाम रामनगर मल्टीमॉडल टर्मिनल पर पहुंच गया। आईडब्लूयूएआई अधिकारियों ने जलयान का निरीक्षण किया। इस दौरान जलयान के कैप्टन, सहायक कर्मचारियों से जलयान के विषय में पूरी जानकारी ली। कोलकाता से आए दो मंजिला हाइड्रोजन जलयान के अंदर सजावट, रंगरोगन समेत अन्य प्रक्रियाएं पूरी होंगी। जल परिवहन अधिकारियों के अनुसार हाइड्रोजन जलयान का संचालन पर्यटन विभाग के जिम्मे होगा। 50 से 55 व्यक्तियों की क्षमता वाले जलयान को काशी से चुनार वाया प्रयागराज तक संचालन किए जाने की तैयारी है। कैप्टन ने जल परिवहन अधिकारियों को बताया कि यह जलयान 20 से 25 किमी की रफ्तार से चल सकता है। एक माह पहले कोच्चि शिपयार्ड से समुद्री मार्ग से होते हुए यह जलयान 13 जून को कोलकाता पहुंचा, लेकिन जलमार्ग-1 हल्दिया- वाराणसी रूट पर पानी की कमी के चलते जलयान की रफ्तार थम गई।

# कुत्ते को लेकर हुए विवाद में युवक को मारा चाकू, एक महिला भी घायल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** चंदौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र के वॉर्ड संख्या तीन में कुत्ते को लेकर हुए विवाद में दो पक्ष भिड़ गए। आरोप है कि



एक पक्ष के लोगों ने घर पर चढ़कर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। वहीं इस घटना में एक महिला भी घायल हो गई। चंदौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या तीन में रविवार की रात में पुराने विवाद में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान एक पक्ष से आए लोगों ने एक युवक अमर के पेट में चाकू मार दिया। वहीं मारपीट के दौरान पास में मौजूद इंदू देवी (24) भी घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही सीओ अनिरुद्ध सिंह, अलीनगर थाने की फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। मारपीट में घायल अमर और इंदू को उपचार के लिए भोगवार स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय के लिए भेज दिया गया। वहीं घटना के बाद पुलिस दो लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर आगे की कारवाई में जुट गई है। घायल को भोगवार स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया।अलीनगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन निवासी अमर उर्फ जानू और काशीपुर नई बस्ती निवासी जावेद के बीच 15 दिन पहले क्रिकेट खेलने के दौरान विवाद हुआ था।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।